# संताल एक्सप्रेस



वर्ष- 07 अंक - 108 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | santalexpress20@gmail.com | 15 जनवरी 2025, बुधवार | पृष्ठ 8 | मूल्य : 2 रुपये


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने की मुलाकात



**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। मंत्री ने राज्यपाल को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार के जरिये संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संदर्भ में चर्चा हुई।

### अमित शाह दो़ अहमदाबाद रेयाक् मेमनगर टोठा रेय उड़ाउ केदेया गुलडी



**अहमदाबाद।** गुजरात लायते दिसा़म रेयाक् आयमा पो़नो़त रे उत्तराणपो़रो़ब रे हो़ला गुरडी तापाम दो़ आ़डी मो़हो़तानाक् गेया। पे दिन अहमदाबाद दाड़ांन रेय हेच् आकान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आरसिरा़मंत्री भूपेंद्र पटेल ता़किन दो़ हो़ला मेमनगर जायगा रे मेनाक् शांति निकेतन अपार्टमेंट रेकिन सेटेर एना, ओका दो़ केंद्रीय गृहमंत्री आर अमित शाह ता़किन दो़ गुरडीकिन उडा़उकेत्‌किना़ आरउनकिन रेन एराततेत्‌ता़किन दो़ फिरकीकिन साप् केदा। अमित शाहआर सिरा़मंत्री ता़किन दो़ भाजपा रेन आयमा कार्यकर्ता़को सांवते शांति निकेतन अपार्टमेंट रेयाक् छत रे गुरडी उटाङ कातेक्‌उत्तरायण रेयाक् रा़सका़को मानाव केदा।

### लैंड माइन ब्लास्ट, 6 जवान घायल

**राजौरी ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एलओसी के पास लैंड माइन ब्लास्ट में सेना के 6 जवान घायल हो गए हैं। धमाका भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ।

# महाकुंभ : 3.50 करोड़ लोगों ने लगाई संगम में डुबकी

## अमृत स्नान में उमड़ा जनसैलाब, 13 अखाड़ों के संत-महात्माओं ने किया स्नान



**एजेंसी**

**प्रयागराज ।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पहले अमृत स्नान पर्व के मौके पर त्रिवेणी के तट पर स्नान के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। बताया जा रहा है कि पहले अमृत स्नान पर्व के मौके पर 3.50 करोड़ से ज्यादा संतों और श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। ये जानकारी सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी है। पहला अमृत स्नान तडके सुबह विभिन्न अखाड़ों के साधुओं के स्नान के साथ शुरू हुआ। 14 जनवरी को भोर से ही सभी 13 अखाड़े अपने जुलूस के साथ संगम तट पर जाने के लिए तैयार थे। हाथी, घोड़े, ऊँट पर सवार साधु-संत हाथों में त्रिशूल, गदा, भाला-बरछी लेकर जय श्री राम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ जब संगम तट के लिए निकले तो कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। संतों, संन्यासियों और नागा साधुओं को देखने के लिए अखाड़ा मार्ग के दोनों ओर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ खड़ी रही। वहीं, महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में मंगलवार को त्रिवेणी तट पर नागा साधुओं ने आध्यात्मिक उत्साह और युद्ध कला का मनमोहक प्रदर्शन कर तीर्थयात्रियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अमृत स्नान में भाग लेने के लिए पुरुष नागा साधुओं के अलावा महिला नागा साधु भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं।

### महाकुंभ : कड़ाके की ठंड से 3000 से ज्यादा श्रद्धालु बीमार, एक मौत, 37 गंभीर

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पर कड़ाके की ठंड श्रद्धालुओं को भारी पड़ी। सोमवार को स्नान के बाद कई सेक्टरों में 3000 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए मेला क्षेत्र में बने अस्पताल व अन्य अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे। वहीं एक संत की मौत भी हो गई। केंद्रीय अस्पताल में रात 8 बजे 20 मरीज भर्ती कराए गए। इसमें श्रद्धालुओं के अलावा अग्निशमन विभाग के सिपाही भी हैं। मेला क्षेत्र से केंद्रीय अस्पताल व एसआरएन के बीच सुबह से देर रात तक एंबुलेंस दौड़ती रही। ठंड से सैकड़ों श्रद्धालु बीमार हो गए। मरीजों में एक 85 साल के अर्जुन गिरि को हार्ट अटैक आया तो उन्हें 108 एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर में लाया गया, लेकिन जांच से पता चला कि उसकी मौत रास्ते में हो गई। मौत के बाद शिष्य संत को एसआरएन अस्पताल में छोड़कर चले गए। स्वामी का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। केंद्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि ओपीडी में 3104 मरीज ठंड का इलाज कराने पहुंचे। इसमें 262 मरीजों की हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया गया। साथ ही 37 गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया है।

### हाथों में तिरंगा थामे अमृत स्नान करने पहुंचा झारखंड से आया जत्था



**महाकुम्भ नगर।** झारखंड से मकर संक्रांति स्नान पर्व पर स्नान करने महाकुम्भ प्रयागराज पहुंचे मनोज कुमार श्रीवास्तव अपने जत्थे के साथ हाथों में तिरंगा थामे और भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते संगम की ओर बढ़ते दिखे। उनके जत्थे में मौजूद सभी सदस्य उनके साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते दिखाई दिए। मनोज के साथ स्नान करने महाकुम्भ मेले में पहुंचा 55 लोगों का जत्था काफी उत्साहित दिखाई दिया। मनोज ने कहा कि महाकुम्भ पर्व हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर वे हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर और राष्ट्र प्रेम के नारे लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं।

## मकर संक्रांति : बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ को दही, लाई,तिल और गुड़ का लगाया गया भोग



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** आज मकर संक्रांति के अवसर पर देवघर स्थित पवित्र द्वादश ज्योर्तिलिंग में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस दिन विशेष रूप से बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण और पूजा अर्चना के साथ तिल और दही-चूड़ा चढ़ाने की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि मकर संक्रांति के दिन तिल और दही-चूड़ा का भोग चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन नई फसल से तैयार चूड़ा बाबा बैद्यनाथ को अर्पित करने से सालभर की मंगल कामना होती है। इस दिन से एक माह तक लगातार बाबा को नई फसल का चूड़ा चढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, तील और तील से निर्मित मिठाई भी चढ़ाई जाती है। मकर संक्रांति का महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि यह ऋतु परिवर्तन का भी प्रतीक है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, जिसके साथ ही दिन लंबा और रात छोटी होने लगती है।

### बासुकीनाथ : मकर संक्रांति पर उत्तरायण हुए भगवान सूर्य, श्रद्धालुओं ने किया स्नान, दान



**जरमुंडी ।** मकर संक्रांति पर भगवान सूर्य के उत्तरायण होने के उपलक्ष्य पर मंगलवार को बाबा बासुकीनाथ को तिल गुड़ और दही का भोग लगाकर विशेष पूजा अर्चना की गई। कपकपाती ठंढ के बावजूद तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने शिवगंगा में स्नान कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर तिल और गुड़ निवेदित किया। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने के उपलक्ष्य पर मंगलवार को मकर संक्रांति के पुण्यकाल को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया और सुख समृद्धि की कामना कर परिजनों के लिए भोलेनाथ से कुशल क्षेम का आशीर्वाद मांगा। मकर संक्रांति पर तड़के सुबह बाबा बासुकीनाथ मंदिर के कपाट खोले गए और गर्भगृह की सफाई के पश्चात पुजारी द्वारा ज्योतिर्मय भगवान, नागेश्वर बासुकीनाथ की षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की।

## शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 1-0 से हराया



**संवाददाता**

**रांची ।** शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने वुमेन्स हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में आज मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ 1-0 की रोमांचक जीत दर्ज की। कैथरीन मोलन ने दूसरे क्वार्टर में खेल के 23वें मिनट में गोल कर टाइगर्स को बढ़त दिलाई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। खेल की शुरुआत में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। टाइगर्स ने सबसे पहले सर्कल एंट्री की, लेकिन दिल्ली एसजी पाइपर्स की दीपिका ने तुरंत जवाब दिया और गेंद को लेकर एम्मा पुव्रेज को सर्कल में पास दिया, लेकिन यह पास इंटरसेप्ट हो गया। पहले क्वार्टर के आखिरी पांच मिनट में पाइपर्स ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन दीपिका के प्रयासों को ग्रेस ओहैनलन ने रोक दिया। वहीं, क्वार्टर के अंतिम मिनट में टाइगर्स को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

## आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सीएम आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एफआईआर दर्ज कराई है। सीएम आतिशी पर निजी उद्देश्यों के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। चुनाव आयोग को की गई शिकायत में कहा गया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, पीडब्ल्यूडी के एक सरकारी वाहन से कथित तौर पर आप के चुनाव कार्यालय में चुनाव प्रचार सामग्री पहुंचाई गई। कालकाजी में रहने वाले केएस दुग्गल ने इस मामले को लेकर एसएचओ के पास एक अलग शिकायत दर्ज कराई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को दक्षिण-पूर्व मंडल के कार्यकारी अभियंता संजय कुमार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष पर गैंगरेप का केस दर्ज



**पंचकूला(एजेंसी) ।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली (61) और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज हुई है। ये केस हिमाचल के कसौली पुलिस थाने में 13 दिसंबर 2024 को दर्ज हुआ था। जिसकी जानकारी अब सार्वजनिक हुई है। दिल्ली की रहने वाली महिला का आरोप है कि उसके साथ कसौली के होटल में जबरन शराब पिलाकर रेप किया गया।

इसके लिए रॉकी मित्तल ने उसे अपनी एल्बम में एक्ट्रेस बनाने और बड़ौली ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। रेप के बाद उसे डरा-धमकाकर कमरे से बाहर निकाल दिया। उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाई गईं। इसके बाद पंचकूला में उसे केस में फंसाने की कोशिश की गई। बड़ौली और रॉकी पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 376डी और 506 लगाई है।

## मकर संक्रांति पर साफा होड़ सहित हजारों श्रद्धालुओं ने तातलोई गर्म जल कुंड में लगाई आस्था की डुबकी







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जामा(दुमका) ।** जामा प्रखंड मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूरी पर स्थित प्राकृतिक छटा बिखेरते तातलोई गर्म जलकुंड में मकर संक्रांति पर साफा होड़ समुदाय के अलावा हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी और पूजा अर्चना कर परिवार के सदस्यों के लिए खुशहाल जीवन की कामना की।

मेले में पहुंचे लिट्टीपाड़ा,पाकुड़ जिले के साफा होड़ समुदाय के साफा होड़ अमीन मुर्मू व शिव नगर के धर्म गुरु बुधन हांसदा ने बताया कि आदिवासी समुदाय के लोग सरना धर्मावलंबी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मारांग बुरु बुढ़ा बूढ़ी,सिंग बोंगा सरना माता का पूजा अर्चना करते हैं7 इस दौरान नौ प्रकार की लकड़ी जलाकर हवन-पूजन की जाती है और तुलसी पिंड लगाया जाता है7 उसी तुलसी पिंड को भगवान शिव एवं राम मानकर पुजा अर्चना की जाती है एवं हवन पूजन के माध्यम से नव ग्रह से मुक्ति मिलती है। साथ ही बताया कि यह पूजा अर्चना आदिवासी समाज के साफा होड़ समुदाय के लोग करीब 1906 - 07 से करते आ रहे है। तब से यह परंपरा चल रही है। बता दें कि हर साल दुमका, साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर व जामताड़ा जिले से काफी संख्या में साफा होड़ समुदाय के लोग यहां आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं। तंबू लगाकर दो से तीन दिन समर्थकों और अनुयायियों के साथ निवास करते हैं। इस दौरान तीर्थ घोड़ीबाद जामा के राम मरांडी, मोंहलबोना धर्म गुरु सोना लाल मरांडी, शिव नगर गुहियाजोरी धर्म गुरु बुधन हांसदा, भीम मुर्मू, काली दास हांसदा, स्टीफन मुर्मू, सुके सोरेन सहित अन्य कई गांवों के साफा होड़ हर साल यहां डुबकी लगाने पहुंचते हैं। तातलोई साफा होड़ धर्मावलंबियों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

मान्यता है कि जलकुंड में गरम पानी में औषधीय गुण पाया जाता है जिससे स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का चर्म रोग एवं पेट संबंधी बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। वहीं धार्मिक आस्था यह भी है कि मकर स्नान करने से शारीरिक और मानसिक कष्ट दूर होते है और तन मन की शुद्धता सिद्धि होती है जिससे यहां डुबकी लगाने हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहीं मकर संक्रांति पर भुरभुरी नदी किनारे तीन दिवसीय भव्य मेला के दूसरे दिन मंगलवार को काफी भीड़ उमड़ पड़ी। साफा होड़ का पूजा अर्चना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा मकर संक्रांति मेला देखने आस पास जिले से भारी संख्या में लोग पहुंचे ।

## देश में फैल रहे हैं एचएमपीवी के मरीज, देशभर में 18 केस




**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। सोमवार को पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है। इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है। देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। एचएमपीवी केस बढने़ पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

# पलामू में दो बाइक की टक्कर में दो की मौत, दो की हालत गंभीर



**पलामू ।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में दो बाइक की टक्कर में दो लड़कों की मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हैं। दोनों घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी मकर संक्रांति के मौके पर मेला घूमकर घर लौट रहे थे। मृत युवकों की पहचान 17 वर्षीय धीरज कुमार और मंदेया के रहने वाले 19 वर्षीय सरीकुश अंसारी के रूप में की गई है। बताया गया है कि छतरपुर के खेंद्रा में मकर संक्रांति के मौके पर मेला का आयोजन किया गया था। मेला स्थल से एक बाइक छतरपुर की तरफ जा रही थी जबकि दूसरी बाइक हुसैनाबाद की तरफ जा रही थी। खेंद्रा के इलाके में ही दोनों बाइक की आपस में टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भेजा, जहां दो धीरज एवं सरीकुश को मृत घोषित कर दिया गया। छतरपुर के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भेज दिया है। घटना की छानबीन की जा रही है।

# लोहरदगा के कुडू बस स्टैंड में चली गोली, एक अपराधी घायल

**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के कुडू बस स्टैंड में मंगलवार को दिनदहाड़े गोली चलने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू के गवाह को मारने आये दो अपराधियों में एक अपराधी के हाथों चली गोली से दूसरा अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया है। दूसरे अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़ते हुए जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया है। गोली दूसरे अपराधी की कनपटी में लगीं हैं तथा रांची रिम्स में जीवन और मौत से लड़ रहा है। पुलिस पकड़े गए अपराधी से पूछताछ कर रहीं हैं। अपराधियों के पास से दो लोडेड नाइन एमएम पिस्टल तथा एक खोखा बरामद किया है। बताया जाता है कि चार फरवरी 2024 को कुडू के पूर्व पंचायत समिति सदस्य (पंसस) संतोष मांझी उर्फ मंगलू की कुडू बाजारटांड़ में गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। घटना में शामिल सभी अपराधी जमानत पर बाहर निकले हुए हैं तथा घटना में शामिल अपराधियों का लोहरदगा न्यायालय में ट्रायल चल रहा है। इसी मामले में संतोष हत्याकांड के गवाह मृतक संतोष मांझी उर्फ मंगलू का भाई संतु पासवान कि गवाही होने वाली है। मंगलवार को दो अपराधी एक अपाची बाइक में सवार होकर बस स्टैंड पहुंचे तथा गवाह संतु पासवान को लक्ष्य करके गोली चला दी। लेकिन पिस्टल में मिस फायर हो गया इसके बाद दूसरे अपराधी ने दूसरी तरफ से फायर किया जो गोली दूसरी तरफ खड़े अपराधी के कनपटी में जा लगी। गोली चलने के बाद अफरातफरी मच गया तथा ग्रामीणों ने दूसरे अपराधी कुडू ब्लाक मोड़ निवासी रफीक अंसारी के पुत्र एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा को पकड़ लिया तथा जमकर पिटाई कर दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने अपराधी एनामुल को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया तथा गोली लगने से घायल रांची के अपराधी को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, पुलिस के समझाने के बाद दो घंटे बाद सड़क जाम हटा लिया गया।

# पलामू में हत्यारोपित के पैर में लगी गोली

**पलामू ।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर में नशे की हालात में लोडेड पिस्टल कॉक करने के दौरान फायर होने से एक हत्यारोपित के पैर में गोली लग गई। उसे मेदिनीनगर के डॉ. राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मंगलवार को उसका बयान लेकर हथियार देने वाले युवक की तलाश कर रही है। जख्मी युवक की पहचान मेदिनीनगर के माली मुहल्ला निवासी भास्कर पांडेय उर्फ मोंटी पांडेय के रूप में हुई है। वह नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने मंगलवार अपराह्न तीन बजे बताया कि मोंटी पांडेय ने पुलिस को जानकारी दी कि सोमवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के इलाके में उसे गोली लगी। शराब पीने के बाद नशे में पिस्टल कॉक करके देखने पर अचानक गोली चली और पैर को छेदते हुए निकल गई। घटना के वक्त मोंटी के साथ मौजूद लोगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। पैर में गोली लगी है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। जख्मी मोंटी पांडे के अनुसार, नमिता देवी मर्डर केस में 2 महीने पहले जेल से जमानत पर बाहर आया है। 7 फरवरी, 2024 को सद्दीक चौक के समीप शाहपुर जाने वाली सड़क पर नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मोंटी पांडे को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। जेल से निकलने के बाद से विश्रामपुर के तोलरा में नानी के घर रह रहा था। मोंटी सोमवार को हाजिरी लगाने के लिए न्यायालय में पहुंचा था।

# स्पीकर पर दोष मढ़ने वाली भाजपा खुद क्यों चुन पा रही नेता प्रतिपक्ष : इरफान



**रांची ।** झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने फिर भाजपा पर निशाना साधा है। इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए भाजपा का नेता प्रतिपक्ष अबतक न चुने जाने पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा है कि नेता प्रतिपक्ष को लेकर कभी राज्य सरकार तो कभी माननीय स्पीकर पर दोष मढ़ने वाली भाजपा अब गूंगी क्यों बनी है। अपना विधायक दल का नेता क्यों नहीं घोषित कर रही है। गौरतलब है कि झारखंड में सरकार गठन को दूसरा महीना बीतने को है। ऐसे में अबतक भारतीय जनता पार्टी ने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि झारखंड में भाजपा 2 महीने के अंदर अपना नेता प्रतिपक्ष का चयन करे। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष की रेस में बाबूलाल मरांडी और सीपी सिंह के नाम की चर्चा है। लेकिन इसपर अबतक संशय बरकरार है कि भाजपा किसे विधायक दल का नेता चुनती है।

# अफीम की अवैध खेती के आरोप में सात गिरफ्तार



**खूंटी ।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी अमित कुमार का नेतृत्व में सोमवार को अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध खूंटी पुलिस के जरिये चलाए गए अभियान के दौरान सोयको, अड़की, मारंहादा और मुरहू थाना क्षेत्र से सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस आशय की जानकारी मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में सोयको थाना क्षेत्र के पीड़ीहातु गांव से सिरका पाहन, अड़की थाना क्षेत्र के बाड़ी निजकेल टोली लेप्सर से गुरुदेव नायक, मुरहू थाना क्षेत्र के कोड़ाकेल से दीपक कुमार नाग, कोठा टोली से मारा ओड़ेया और गोले ओड़ेया तथा कुंदीबर टोली से मनसिद्ध पाहन को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मारंग हादा थाना क्षेत्र से जोहन टूटी को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने कहा कि अफीम की खेती पूरी तरह गैर कानूनी है और इसमें कड़ी सजा का प्रावधान है। इसलिए इसकी खेती से दूर रहें और कहीं खेती की सूचना मिलती है, तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें।

# हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही : बाबूलाल



संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि नगर निकाय चुनावों के प्रति उदासीनता और उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रहा है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने भी न्यायालय को अवगत कराया है कि हेमंत सरकार आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं कर रही है। नगर निकाय चुनावों को टालकर हेमंत सरकार प्रशासकों के माध्यम से इनके संचालन का काम कर रही है। इन प्रशासकों के संरक्षण में नगर निकायों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला बढ़ रहा है। बिना निर्वाचित प्रतिनिधित्व के, नागरिक हितों की अनदेखी कर हेमंत सरकार बड़े घोटाले को अंजाम दे रही है।

इसके साथ मरांडी ने लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आप सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं। सूर्य के उत्तरायण होने का यह पावन पर्व आपके जीवन में नई ऊर्जा, अपार समृद्धि और असीम उत्साह का संचार करे। साथ ही उन्होंने सभी को टुसू पर्व की भी शुभकामनाएं दी हैं। मरांडी ने कहा है कि टुसू पर्व का मुख्य उद्देश्य फसल कटाई के बाद प्रकृति तथा फसल की समृद्धि के लिए आभार प्रकट करना है। यह पर्व आदिवासी समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है।

# एशिया का सबसे गर्म सूर्यकुंड में लगा मकर संक्रांति मेला सैकड़ों लोगों ने लगायी डुबकी



संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड में एशिया का सबसे गर्म सूर्यकुंड है।यहां मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया है। 15 दिवसीय मेले का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय विधायक अमित यादव,सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत कई लोगों ने सामूहिक रूप से किया। 15 दिवसीय इस मेले में दूसरे राज्य से भी लोग पहुंचते हैं। देवघर श्रावणी मेला के बाद झारखंड का यह दूसरा सबसे बड़ा मेला होता है। यहां लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। मकरसंक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कुंड में डुबकी लगाकर स्नान किया।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों को मकर संक्रांति की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह मेला ऐतिहासिक है, जहां झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचते हैं।

# रांची से लापता दो सगी बहनों के घर पहुंचे मंत्री इरफान, बंधाया ढांढस

**रांची ।** शहर के हिंदपीढ़ी से गायब दो सगी बहनों के परिजनों से मिलने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी उनके आवास पहुंचे। अंसारी ने कहा कि मु यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं। सरकार पूरी कोशिश कर रही है। सरकार पूरे परिवार के साथ खड़ी है। जल्द दोनों लड़कियों को वापस लाया जाएगा। इरफान अंसारी के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अजय नाथ शाहदेव और शहजादा अनवर आदि भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि युवतियों के चाचा ने पुलिस को बताया था कि दोनों बहनें 11 जनवरी की दोपहर 12.30 बजे घर से कांटाटोली के समीप मंगल टावर स्थित आधार केंद्र जाने के लिए निकली थीं। इसके बाद दोपहर के करीब 1.20 बजे एक भतीजी ने फोन कर पिता से कहा कि ऑटो चालक ने उनसे मोबाइल और पर्स छीन लिया है। जबरन कहीं दूसरी जगह पर ले जा रहा है। इतना बोलने के बाद फोन कट गया। दोबारा फोन करने पर फोन बंद मिला। इसके बाद कोई संपर्क नहीं हो पाया है। बाद में पुलिस को दोनों का आखिरी लोकेशन ओरमांझी में मिला था। मामले में हिंदपीढ़ी थाना लगातार जांच-पड़ताल कर रही है।

# ब्राम्बे से चोरी मोटरसाइकिल मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रांची ।** मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे से 28 दिसंबर को हुए मोटरसाइकिल चोरी मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल ने बताया की ब्राम्बे स्थित दुकान के बाहर खड़े राजन कुमार साहू के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत थाने को प्राप्त हुई थी जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मांडर थाना क्षेत्र के तिगोई अंबाटोली निवासी 23 वर्षीय वसीम अंसारी को गिरफ्तार कर मंगलवार दोपहर 3 बजे जेल भेज दिया है

# 700 अबुआ आवास लाभुकों को पहली किस्त की मिली राशि

**लातेहार ।** बरवाडीह में दूसरे फेज के करीब 700 अबुआ आवास के लाभुकों को पहली किस्त की राशि का भुगतान हो गया है। उक्त लाभुक आवंटित आवास का निर्माण कार्य में जुट गए हैं। पीएम आवास के ब्लॉक कोआर्डिनेटर दीपक कुमार ने बताया कि प्रखण्ड में इस बार 1731 लाभुको को अबुआ आवास आवंटित हुए हैं। उनमें से लगभग 700 आवास लाभुको के बैंक खाते में पहली किस्त की राशि भेज दी गई है। जो आवास का निर्माण कार्य आरंभ कर दिए हैं, इन्हें दूसरी क‍़स्ति राशि भी भुगतान करने की कागजी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि अन्य लाभुको के द्वारा जरूरी कागजात को जमा करने में देरी की जा रही है। जिस कारण उन्हें पहली किस्त की राशि भेजने में दिक्कत हो रही है। उन लाभुको के कागजातों को दुरूस्त करने के लिए कहा गया है। उन्हें भी पहली किस्त की राशि भेजने की कागजी कार्रवाई की जाएगी।

# लकड़ी तस्करों के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान, दो गिरफ्तार

**लातेहार ।** डीएफओ प्रजेश कांत जेना के निर्देश पर वन विभाग की टीम नेमंगलवार को लकड़ी तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान जंगल से अवैध लकड़ी के साथ दो लोगों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीटीआर छिपादोहर पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत सैदूप के आरएफ़ जंगल में तस्कर जंगल से लकड़ी काटकर ठिकाने लगाने के फिराक में है। इसी आधार पर डीएफओ ने वनकर्मियों की एक टीम का गठन किया। टीम ने जंगल में छापामारी किया। जिसमें दो पीस करम के बोटा के साथ दो लोगो को पकड़ा गया। तस्करों की पहचान छिपादोहर के हंसराज टोला निवासी बैजनाथ सिंह और राजनाथ सिंह पिता नेमा सिंह रूप में की गई।गिरफ्तार तस्कर आपस में भाई है। छापामारी टीम में प्रभारी वनपाल नवीन कुमार, वनरक्षी दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार और अमर बड़ाइक मौजूद थे।

# रांची से कुंभ के लिए 19 को खुलेगी स्पेशल ट्रेन



**रांची ।** प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला को लेकर रांची रेल मंडल से 10 ट्रेनों का परिचालन होने जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों से आकर यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी, जहां बड़ी संख्या में रांची के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे। रांची से या रांची होकर अधिक से अधिक ट्रेनों का परिचालन कुंभ के लिए हो, इस निमित्त रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी। उनसे आग्रह किया था कि कुंभ ट्रेनों का परिचालन रांची के रूट से किया जाए। इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे। विभिन्न तिथियां को कुंभ के लिए चलने वाली यह विशेष ट्रेन यहां के यात्रियों के तीर्थाटन को सुगम बनाएंगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इन ट्रेनों के परिचालन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री सेठ ने कहा कि यह पहला अवसर है जब रांची को कुंभ मेला के लिए इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों की सौगात मिली है। हर ट्रेन का परिचालन रांची स्टेशन होकर ही होगा और पर्याप्त संख्या में यहां से इन्हें सीटें भी उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो, इसे लेकर रेलवे हर प्रकार की व्यवस्था कर रहा है। इन सभी ट्रेनों में सामान्य क्लास, स्लीपर क्लास और एसी क्लास की बोगियां भी उपलब्ध होगी। रांची से सफर करने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त आरक्षित सीटों की व्यवस्था होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि 12 वर्षों के बाद लगने वाले इस महाकुंभ में अधिक से अधिक सनातनियों को जाना चाहिए और सनातन के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए।

# रामगढ़ एसपी ने कुख्यात अपराधी राहुल दुबे को दी चेतावनी, कहा बुरा होगा हश्र

**रामगढ़ ।** रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के एक सदस्य विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल को गिरफ्तार किया है। साथ ही राहुल दुबे को एसपी अजय कुमार ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने उसे अपराध का रास्ता छोड़ने को कहा है, अन्यथा हश्र बुरा होगा। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली ने कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर राहुल दुबे के इशारे परगोली चलवाई थी। यह वही शख्स है जिसने शूटर को अनिल केसरी का दफ्तर दिखाया था और अनिल केसरी की पहचान कराई थी। एसपी ने बताया कि 5 जनवरी की रात ट्रांसपोर्ट नगर में राहुल दुबे के द्वारा रंगदारी वसूलने एवं व्यवसाईयों के बीच खौफ का माहौल बनाने के उद्देश्य से अपराधकर्मियों के जरिए कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर जानलेवा हमला कराया गया था। अपराधियों ने उन पर गोली चलाई थी। इस मामले में प्राथमिक संख्या 8/25 दर्ज कर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल पिता योगेश्वर शर्मा कुजू बाजारटांड़ का ही रहने वाला है। घटना के दिन उसने कुख्यात अपराधी जयशंकर दुबे उर्फ राहुल दुबे के गिरोह के दो अपराधकर्मियों को अनिल कुमार केसरी के ऑफिस का रेकी करने, ऑफिस दिखाने, साथ ही अनिल कुमार केसरी पर गोली चलवाने में सक्रिय सहयोग किया था। एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल दुबे और उनके गुर्गे को पकड़ने के लिए पुलिस ने झारखंड और बिहार के कई जिलों में छापेमारी की। कुजू के अलावा हजारीबाग, रांची, पटना जिले में भी छापेमारी की गई ।

# कारोबारी के घर हुई डकैती मामले में शामिल चार अपराधी गिरफ्तार




**गिरिडीह ।** बिरनी थाना क्षेत्र के बिराजपुर के कारोबारी सुरेश मोदी के घर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लूटे गये 55 हजार नगद के साथ दो बाइक और एक चाकू बरामद किया है। मंगलवार को एसपी डॉक्टर विमल कुमार और एसडीपीओ धनंजय राम ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों ने विगत 02 जनवरी की रात में 20 लाख की डकैती की घटना की अंजाम दिया था । गिरफ्तार अपराधियो में चारों अपराधी धनबाद जिले कतरास थाना के श्यामडीह निवासी मोहम्मद मोहतमिम, करण दास और गुलजार अंसारी और मोहम्मद हातिम शामिल है। एसपी ने बताया कि सुरेश मोदी के घर डकैती की योजना गुलज़ार अंसारी ने बनायी थी । गुलजार अंसारी के इशारे पर पूरी टीम को तैयार करने का जिम्मा मो हातिम को मिला था। डकैती कांड के कई अपराधी फिलहाल फरार हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। बताया गया कि गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी का गठन किया था । टीम ने एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में अलग अलग राज्यों में छापेमारी किया जा रहा है। गिरफ्तार चारों अपराधी घटना के बाद कोलकाता और बंगाल के अलग अलग ज़िलों में फरार हो गए थे। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए चारो अपराधी नॉर्मल मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बीच गुलजार के छिपे होने की सूचना मिलने पर उसे दबोचा गया। इसके बाद गुलज़ार के निशानदेही पर तीनो को दबोचा गया। बताया गया पकड़े गये डकैतो का अपराधिक इतिहास भी रहा है।

# पलामू में हथियार के बल पर सीएसपी से एक लाख की लूट

**पलामू ।** जिले के हैदरनगर में मंगलवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने हथियार के बल पर भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) के कर्मचारी से एक लाख रुपये लूट लिए। बताया गया है कि शिव प्रसाद की सीएसपी बभंडी रोड पर है। हेलमेट पहने तीन बदमाश बाइक से पहुंचे। दो सीएसपी के अंदर गए और एक बाइक पर ही था। सीएसपी में कुछ ग्राहक भी थे। अपराधी सीएसपी का शटर गिराकर स्टाफ कुंदन की कनपटी पर पिस्टल सटाकर रुपये की मांग की। सीएसपी स्टाफ ने दराज में रखे रुपये उन्हें दे दिया। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब सीएसपी के स्टाफ ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

# झारखंडी संस्कृति से जुड़ा है मेला की संस्कृति : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग ।** कनकी गंधौनिया में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला में आस पास के गांवों के हजारों लोग शामिल हुए।मेला का उद्घाटन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। साथ में मांडू विधायक तिवारी महतो भी उपस्थित थे। मेला को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा मकर संक्रांति का मेला झारखंड की संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इससे एक दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलता है। गंधौनिया मेला में विभिन्न गांवों से जुलूस के शक्ल में टुसू के सुंदर और आकर्षक झांकी भी लाया गया। जिसमें सर्वाधिक सुंदर और आकर्षक झांकी को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कला संस्कृति क्लब कोदवे रोयांग प्रथम स्थान, कला संस्कृति मंच बलसगरा द्वितीय स्थान और देवी मंडप होसिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डाड़ी बीडीओ कमलकांत वर्मा जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंसस सुमित्रा देवी, गणेश महतो, उपमुखिया पिंटू साव, मेला समिति के अध्यक्ष राज कुमार राजू, यचिव धनराज यादव, कोषाध्यक्ष देवासी महतो सहित मेला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे पर वीर बलिदानियों को रक्षा राज्य मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रांची ।** 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स डे के अवसर पर मुंबई में स्थित नौसेना डॉकयार्ड मेमोरियल में वीर बलिदानियों को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर, नमन् किया। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से संवाद किया। उनका कुशल क्षेम जाना और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा में आपका सर्वोच्च बलिदान, आदर्श, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति ईमानदारी और वफादारी हर देशवासी के लिए अनुकरणीय है। सभी पूर्व सैनिक हमारे गौरव हैं। इनके कल्याण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले 10 वर्षों में भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवार के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 1,24,000 करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि हम सम्मान उन्हें दे रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के नाम किया। संवाद उनसे कर रहे, जो सदैव देश के लिए समपुिगम हो, भविष्य के लिए इन्हें चिंता नहीं हो, इसे लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। यह गौरव की बात है कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में वेटरन्स डे मनाया जा रहा है। यह देश की सेवा में समर्पित हमारे कर्त्तव्यपरायण मेंटर वीरों का सम्मान है।

# आईआईटी आइएसएम के छात्रों ने मकर संक्रांति पर की पतंगबाजी

**धनबाद ।** देशभर में मंगलवार को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया।इसे खिचड़ी और उत्तरायण जैसे नामों से भी जाना जाता है। वहीं अपने घर से दूर धनबाद के आईआईटी आइएसएम में रह रहे छात्रों ने भी आज के दिन पतंग उड़ा कर और दही चूड़ा खा कर मकर संक्रांति को सेलिब्रेट किया। मकर संक्रांति पर आईआईटी आइएसएम के हेरिटेज बिल्डिंग के ठीक सामने स्थित ओवल ग्राउंड में संस्थान के दर्जनों छात्र-छात्राए इकठा होकर जमकर पतंग बाजी करते दिखे। इस दौरान छात्रों ने ग्राउंड में ही दही चूड़ा का भी सेवन किया। छात्रों ने बताया कि आज के दिन संस्थान में ही अपने दोस्तों के संग पतंगबाजी और दही चूड़ा का आनंद लेते हुए मकर संक्रांति का त्योहार इंजॉय करते है। छात्रों ने बताया कि ये सभी देश के अलग अलग राज्यों से आते है, आज के दिन अपने घर से दूर होने का उन्हें दुख भी होता है, लेकिन दोस्तो का साथ और पतंगबाजी उस दुख को डर कर देती है। बता दें कि मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की धार्मिक मान्यताएं हैं। तमिल रामायण के मुताबिक, मकर संक्रांति के दिन सबसे पहली बार पतंग भगवान श्रीराम ने उड़ाई थी। ऐसा कहा जाता है कि उनकी पतंग इतनी ऊंची उड़ रही थी कि वह इंद्रलोक तक पहुंच गई थी। तभी से मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की परंपरा शुरू हो गई।पतंग उड़ाने को शुभता और खुशी का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए इस दिन बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई पतंग उड़ाने के लिए बेहद उत्सुक नजर आता है। मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाकर लोग अपने जीवन में खुशहाली और सफलता की कामना करते हैं।

# फोटो खिचाने आए शख्स ने दागी गोली, स्टूडियो संचालक की मौत से हड़कंप

**सरायकेला ।** झारखंड से दिनदहाड़े एक स्टूडियो संचालक की हत्या का मामला सामने आया है। आरोपियों ने संचालक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गए। घटना सराइकेला खरसावाँ ज़िले के चांडिल मुख्य बाजार (टाटा-पुरुलिया मार्ग) की है, जहां कल्पना स्टूडियो के संचालक दिलीप गोराई की मौत हुई है। पुलिस सीसीटीवी समेत अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।दिलीप की बड़ी बेटी सुवर्णा गोराई ने बताया कि हमारा घर दुकान के ऊपर ही है। सुबह करीब 11 बजे एक युवक दुकान पर फोटो खिंचवाने के लिए पहुंचा था, तो पापा ने अपना कैमरा निकाला और उसकी एक पासपोर्ट साइज तस्वीर खींची। इसी बीच युवक ने पिस्तौल निकालकर पापा को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर वह भाई रोहित गोराई के साथ नीचे आई। उसने देखा कि एक युवक जिसने ब्लू रंग का कपड़ा पहना था, वह बाहर की ओर भागा। सभी ने मिलकर पापा को टीएमएच पहुंचाया, जहां मौत हो गयी। घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया गया तो मामले की छानबीन शुरू हो गई है। चांडिल पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार तिवारी ने बताया कि गोली मारकर हत्या की गई है, पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल का खोखा बरामद किया है। पुलिस सभी बिंदुओ पर तफ्तीश कर रही है तथा सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। पुलिस मृतक के सगे संबंधी से भी पूछताछ करेगी।दिलीप की हत्या से पहले बदमाशों ने रेकी की थी। पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद ही घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने हत्या की घटना में जिस बाइक का इस्तेमाल किया, उस बाइक में कोई नंबर प्लेट नहीं लगा हुआ था। हत्या के बाद भाग रहे दोनों बदमाशों की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस जांच कर रही है।स्टूडियो संचालक दिलीप गोराई की बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना के बाद दुकानदार व व्यवसायी सहमे हुए हैं।

# राजद की सदस्यता अभियान आज से शुरू

**लातेहार(ईएमएस)।**राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में 15 जनवरीसे सदस्यता अभियान की शुरूआत की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को 11 बजे मकर संक्रांति के अवसर पर दही चूड़ा का आयोजन किया गया है। इसके बाद राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम में लातेहार जिला के प्रदेश के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी सदस्य, सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष व सभी सम्मानित कार्यकर्ता से भाग लेने की अपील की है।

## तीन दिवसीय सोहराय महोत्सव का हुआ समापन



पाकुड़।जिला प्रशासन के द्वारा बाजार समिति प्रांगण में आयोजित सोहराय महोत्सव का समापन आज नृत्य संगीत के साथ किया गया। समापन कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार भी शामिल हुए।कार्यक्रम के समापन पर डीसी व एसपी ने आदिवासी रीति रिवाज की झलक दिखाई। दोनों ने तीर कमान चलाकर निशाना साधा। साथ ही बाजार समिति मैदान में दोनों पतंग की डोर पकड़े नजर आए। समापन में कलाकारों ने ऐसा समां बांधा की दर्शक कलाकारों की एक झलक पाने को आतुर हो गये। महोत्सव में खचाखच भीड़ में लोगों का उत्साह और उमंग विहंगम था।

## मालदा रेल मंडल के डीआरएम का निरीक्षण आज

साहिबगंज। अमृत भारत योजना के तहत साहिबगंज रेलवे स्टेशन में चल रहे कार्यों की समीक्षा व निरीक्षण को लेकर 15 जनवरी को मालदा रेल मंडल डीआरएम साहिबगंज पहुंचेंगे।यह जानकारी स्टेशन प्रबंधक हर्षराज पाठक ने दी है।जानकारी के मुताबिक डीआरएम के अलावा नव पद स्थापित सीनियर डीसीएम सीनियर डीओएम , आरपीएफ के कमांडेंट सहित कई अधिकारी शामिल रहेंगे।

## मारपीट कर मां-पुत्री को किया घायल



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदरजनना में मंगलवार को एक पक्ष ने मारपीट कर दूसरे पक्ष की माँ व पुत्री को घायल कर दिया। बाद में दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घायल महिला मो. अबसार की पत्नी जौशन खातून(60) व पुत्री जुली खातून (30) ने छोटी कोदरजनना, रेजा नगर के मोजस्सर व उसकी पत्नी ताहिरा व सास कुनिया पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गरीबों के बीच कंबल का वितरण




**पतना ।** प्रखंड के तालझारी पंचायत में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए लाचार, असहाय व गरीबों के बीच 100 कंबल का वितरण जिला सचिव सुरेश टुडू एवं मुखिया सुमिता मरांडी के अध्यक्षता में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया।जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। जिला सचिव ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है।उक्त मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो वरिष्ठ लखीराम टुडू, अल्पसंख्यक प्रखंड सचिव शिश मोहम्मद, पंचायत सचिव सुशील हांसदा, पंचायत उपाध्यक्ष बेटका हांसदा, सीएससी संचालक नियमातुल्लाह अंसारी एवं सभी पंचायत सभी वार्ड सदस्यगण मौजूद थे।

# जिला अधिवेशन के लिए कमेटी गठन की तिथि घोषित

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/राजमहल झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय कार्यालय बाकुडी से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने से घोषणा की है कि आगामी 9 फरवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित जिला अधिवेशन की सफलता के लिए सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जाना है। जिसके लिए प्रखंड वार्ड तिथि निर्धारित की गई है जिसमें बरहड़वा एंव तालझारी में 16 जनवरी, उधवा में 17 जनवरी, मंडरो में 19 जनवरी, बोरियो में 20 जनवरी, साहेबगंज में 23 जनवरी, बरहेट में 25 जनवरी पतना में जनवरी 28 में राजमहल 29 जनवरी को बैठक आयोजित कर कमेटी का गठन किया जाएगा।कमेटी गठन के लिए संघ के सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सिख समाज ने हर्षोल्लास मनाया लोहड़ी, आकर्षक भांगड़ा व गिद्दा ने बांधा समां

**गिरिडीह (ईएमएस)**। गिरिडीह में सिख समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। प्रधान गुरुद्वारा ग्राउंड परिसर में सिख समाज ने सोमवार की देर शाम को लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सिख समाज के लोगों ने भंगड़ा-गिद्दा से समां बांध दिया। ढोल पर गिद्धा नृत्य किया गया व पंजाबी गीत गाए। गिरिडीह प्रधान गुरुद्वारा के मुख्य प्रधान सेवक गुणवंत सिंह मोंगिया ने सबसे पहले लोहड़ी जलाई। इसके बाद आग के चारों ओर घूम कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत बच्चों तथा युवक एवं द्वारा युवतियों द्वारा आकर्षक भांगड़ा तथा गिद्दा प्रस्तुत किया गया जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन की तरफ से स्वादिष्ट अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। मौके पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवक डॉक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया मंगिया ने सभी को लोहड़ी की बधाई देते हुए कहा कि यह हमारा पारंपरिक त्यौहार है जिसे हम सभी खुशियों के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ खालसा दल गिरिडीह के सदस्यों के अलावा नरेंद्र सिंह शमी डॉ अमरजीत सिंह सलूजा चरणजीत सिंह सलूजा देवेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह दुआ परमजीत सिंह दुआ सहित कई समाज के गण्यमान्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# झारखंड युवा क्लब के द्वारा पतंग प्रतियोगिता आयोजित

### प्रथम मोहित , द्वितीय प्रिंस, तृतीय स्थान पर अरमान राज

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज**। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर न्यू झारखंड युवा क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनवर अली,जिला विकास समिति के प्रमुख अभिक्रम सिंह एवं एलसीसी कंप्यूटर सेंटर के प्राचार्य उत्तम कुमार ने पतंग उड़ा कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।इस कार्यक्रम को आयोजक विनोद कुमार यादव के द्वारा बच्चों के बीच में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पतंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहित कुमार द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार



तृतीय स्थान अरमान राज ने प्राप्त किया।मौके पर कमिटी के कई लोग मौजूद थे।

## तीन चोर गिरफ्तार



साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने पिछले दिनों बिजली विभाग में तार व अन्य समानों की चोरी मामले में दर्ज कांड संख्या 9/25 के तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पाकुड़ निवासी चांद अंसारी(20), अंजुमन नगर निवासी अरबाज (23) व समद (21) को गिरफ्तार कर चिकित्सकीय जांच उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सीएस ने अस्पताल मैनेजर से की मंत्रणा



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज। सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने मंगलवार को सदर अस्पताल के वेयर हाउज़ स्थित अस्पताल मैनेजर कक्ष में अस्पताल मैनेजर यशवंत राव के साथ अस्पताल की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर मंत्रणा की। सीएस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी की भी ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चिकित्सकों व कर्मियों की ड्यूटी, साफ-सफाई, मरीजों की जांच व इलाज की व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिया।

## अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर अस्पताल कर्मियों से वसूला जुर्माना



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउज़ में मंगलवार को विद्युत विभाग ने कैंप लगा कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों से जुर्माना वसूला। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मोहन मुर्मू की देखरेख में कर्मियों ने जुर्माना जमा किया। वहीं सीएस डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने वेयर हाउज़ पहुंच विद्युत विभाग के एसडीओ से प्रक्रिया की जानकारी ली। विद्युत विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल कर्मी अपने क्वाटर में अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे मामले में कार्यवाही करते हुए कैंप लगाकर जुर्माना वसूला गया।जिसमें 2 अस्पताल कर्मियों ने आज के कैंप में जुर्माना की राशि जमा नहीं की। वही मामले में सीएस ने बताया कि जल्द ही बाकी बचे कर्मी जुर्माना की राशि जमा कर देंगे। बिजली विभाग के एसडीओ ने आगे बताया कि 18 कर्मियों से कुल 122328 रुपये बतौर जुर्माना जमा लिया गया है। इधर विद्युत विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार ने देर शाम ब्लड बैंक में कैंप लगा कर जुर्माना जमा करने वाले कर्मियों को शुल्क लेकर विद्युत कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन किया। मौके पर विद्युत विभाग के जेई दीपक कुमार सिंह, कैशियर विशाल भेदिया, लाइन मैन मुकेश कुमार, विजय कुमार सिंह, संजीव कुमार, रवि कुमार व अन्य थे।

## केंद्र सरकार के नए कृषि बिल के खिलाफ बाम संगठनों का तीव्र विरोध, खसड़ा नीति जलाया



**चितरंजन।** सोमवार को पश्चिम बंगाल के सालानपुर थाना क्षेत्र में बाम संगठनों ने केंद्र सरकार के नए कृषि बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसान सभा और सीआईटीयू के नेतृत्व में जेमारी बस स्टैंड पर आयोजित सभा में बाम नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसान आंदोलन के दबाव में पहले जो कृषि कानून वापस ले चुकी थी, अब उन्हीं कानूनों को नए रूप में लागू करने की कोशिश कर रही है। बाम नेताओं ने नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग नामक इस नए कृषि बिल को पुराने कृषि कानूनों का ही एक नया रूप बताया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार इसे राज्य सरकारों को भेजकर प्रभावी करने का प्रयास कर रही है, जो किसानों के हितों के खिलाफ है। किसान नेता सुनिल मंडल, गणेश पंडित और अशोक बनर्जी ने इस बिल के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इसे किसी भी हालत में मंजूरी नहीं दी जाएगी। इसके बाद, विरोध प्रदर्शन में खसड़ा नीति की प्रतिलिपि को जलाया गया। बाम संगठनों ने किसान हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## सोहराय पर्व पर अदाणी फाउंडेशन ने किया लूंगी, पंछी और टी-शर्ट का वितरण



**संवाददाता**

**गोड्डा ।** सोहराय पर्व के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से पावर प्लांट के निकटवर्ती ग्राम पेटवी संथाली और माली संथाली में आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच लूंगी, पंछी और टी-शर्ट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय आदिवासी समुदाय के पारंपरिक त्योहारों और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करना था। अदाणी पावर प्लांट के आस-पास स्थित आदिवासी क्षेत्र के लोगों के बीच अदाणी फाउंडेशन लगातार इस तरह के सहयोग करता रहा है। फाउंडेशन आदिवासी समुदाय के धार्मिक अनुष्ठानों और पर्व-त्योहारों में सहायता प्रदान कर उनकी सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान में सक्रिय भागीदारी निभाता है। अदाणी फाउंडेशन की टीम समय-समय पर आदिवासी समाज को पारंपरिक वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने के साथ ही उनके जीवनयापन के लिए आवश्यक सुविधाओं का भी ध्यान रखती है। आदिवासी युवाओं के लिए खेलकूद सामग्री वितरित करने और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने में भी फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कार्यक्रम में बक्सरा पंचायत के पूर्व मुखिया हेमंत मंडल, अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधि आलोक वर्मा, वीरेंद्र कुमार, संजु मिश्रा और प्रीति कुमारी उपस्थित रहे। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों के साथ पारंपरिक नृत्य में भाग लिया और उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## ईडीसी द्वारा की जा रही शुल्क वसूली से पलामू किले का दीदार करना हुआ महंगा

पलामू(ईएमएस)।वाहनों से ऐतिहासिक पलामू किला घूमने जानवाले सैलानियों के लिए खास खबर है। अब वे बिना साफ-सफाई का शुल्क चुकाए पूर्व की तरह पलामू किला या कमलदहझील का दीदार नहीं कर सकेंगे। क्योंकि किला जाने पूर्व अब उन्हें किला रोड के बकडूबा नाला के पास बने अस्थाई नाका के पास ईडीसी बेतला को वाहनों के अनुसार साफ-सफाई शुल्क चुकाना पड़ेगा। इसबारे में नाका पर तैनात ईडीसी सदस्य इम्तेयाज और रियाज अंसारी ने ईडीसी अध्यक्ष मुकेश कुमार के आदेश से विगत एक जनवरी 2025 ई से किला परिसर की साफ-सफाई के लिए वैध रसीद के जरिए 10 रुपए प्रति दोपहिया और इससे बड़े वाहनों से 20 रुपए प्रति वाहन की दर से शुल्क वसूली किए जाने की बात बताई। वहीं ईडीसी अध्यक्ष मुकेश ने वन विभाग की सहमति से पर्यटन वाहनों से साफ-सफाई शुल्क वसूले जाने की जानकारी दी। इसबारे में मुकेश ने कहा कि किला घूमने आए पर्यटक उपयोग किए वस्तुओं को जहां-जहां फेंक देते हैं। जिससे किला परिसर में गंदगी का अंबार लग जाता है। इसलिए उसकी साफ-सफाई के लिए पर्यटन वाहनों से शुल्क लिया जाना निहायत जरूरी है। नतीजतन लोगों के लिए अब पलामू किला और कमलदहझील का दीदार करना महंगा हो गया है।

## मकर संक्रांति पर समाजसेवी ने वृद्धाश्रम में गर्म कपड़े व कंबल बांटा




**चितरंजन।** मकर संक्रांति के अवसर पर समाजसेवी अमित चक्रवर्ती ने वृद्धाश्रम के निवासियों को खुशियाँ बाँटी। उन्होंने हिंदुस्तान केबल्स पुनर्वास समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के सभी निवासियों को गर्म और आरामदायक कम्बल वितरित किए। इसके साथ ही, मिष्ठान, तिल के लड्डू, मुरमुरे और अन्य खाद्य पदार्थ भी बांटे। अमित चक्रवर्ती ने बताया कि मकर संक्रांति का यह पर्व वृद्धाश्रम के निवासियों के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, और उन्हें इस दिन से वंचित नहीं रखना ही उनका उद्देश्य था। कम्बल प्राप्त कर वृद्धाश्रम के निवासी खुशी से झूम उठे और अमित चक्रवर्ती का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी ने कहा, वृद्धाश्रम के निवासियों के साथ वक्त बिताकर मैं खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। उनके चेहरे की मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी इनाम है।

## अफजलपुर सहित विभिन्न जगहों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा किया गया गृह भ्रमण



संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- अफजलपुर सहित विभिन्न जगहों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा एचबीवाईसी के तहत गृह भ्रमण किया गया । इस दौरान नवजात बच्चों की देखभाल को लेकर विभिन्न गतिविधियों की जांच की गई।इस दौरान बच्चे का वजन, तापमान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही धात्री माताओं को बंध्याकरण, साफ-सफाई आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चे को सुचारू रूप से देखभाल के बारे में भी बताया गया वहीं कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती को लेकर चर्चा की गई। छह माह तक केवल स्तनपान कराने का परामर्श माताओं को दी गई। मौके पर सहिया साथी बनलता घोष सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।

## खासमहल मुक्त व अन्य मामलों को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने दिया आवेदन

साहिबगंज/फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल माननीय वित्त मंत्री झारखंड से कल बुधवार को मिलेगा। जिसमें साहिबगंज जिले के खास महल को समाप्त करने के लिए ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज साहिबगंज के द्वारा सुझाव भेजा जा रहा है। ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री साहिबगंज के लगातार पत्राचार के कारण फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा माननीय वित्त मंत्री से मिला था जिस पर माननीय मंत्री ने खास महल से झारखंड में प्रभावित जिलों की समस्या के समाधान के लिए सरकार के स्तर से क्या उपाय किया जाए इसके लिए फेडरेशन से सुझाव मांगा गया था।

## ग्राम प्रधान होली कोडा हत्या मामला में केस दर्ज, तीन पुत्र पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया।



**मंडरो,साहिबगंज।** मिर्जाचौकी महादेववरण गांव के ग्राम प्रधान होली कोडा को मॉर्निंग वॉक के दौरान अपराधियों ने गोली मार दिया था।मृतक ग्राम प्रधान होली कोडा का भागलपुर मायागंज में इलाज के दौरान मौत हो गई।वहीं होली कोडा ने पुलिस को अपना फर्द बयान दिया था, कि मामला ज़मीन विवाद से जुड़ा है। हमें यदि कुछ होता है, तो उनका दोषी राजेंद्र बिंद का दोस्त और सुनील सिंह पर जाएगा। इधर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया की मामले को लेकर थाना कांड संख्या 3/25 के तहत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है।वहीं सुनील सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में साहिबगंज भेज दिया गया है।वहि मॉर्निंग वॉक पर होली कोडा के साथ गये पवन पंडित और सिटी शर्मा से पुलिस अभी तक पूछताछ कर रही थी।ग्राम प्रधान होली कोडा तीन पुत्र और पत्नी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया। ग्राम प्रधान होली कोड़ा का शव गांव महादेव बरन पहुंचा लोगों का सब्र का बांध टूट गया और लोगों के रोने बिलखने चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। परिजन सहित गांव के अन्य लोग भी रोने लगे।वहीं पत्नी सतमुनी देवी व पुत्र संतोष, अनिल, मनीष का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कुंड मेला में पतंग महोत्सव

हजारीबाग।पर्यटन विभाग के तत्वाधान में मकर संक्रांति के अवसर पर बरकट्ठा सूरज कुंड मेला में एक दिवसीय पतंग महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी बरही जोहन टुडू के द्वारा किया गया।इस दौरान उपस्थित बच्चो के बीच 200 पतंग का वितरण किया गया।पर्यटन विभाग द्वारा ए श्रेणी में नामित हजारीबाग के बरकट्ठा में सूरज कुंड परिसर पर हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर मेला तथा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।मौके पर जिला परिषद सदस्य अंचल अधिकारी बरकट्ठा,स्थानीय मुखिया समेत मेला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुला ई-ठिका खोबोर**

**विद्युत/क.वि. विभाग**

**जुदा-जुदा बिजली तेयाक् कामी बाखरा ई-ठिका खोबोर**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद होतेते भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन नोवाको कामी फन्डाव लागित् ई-ठिका नेवतायेत् काना।

ई-ठिका संख्याः **TRD-OT-AMC-132KV-24-25**

**2. कामी रेयाक् जुतुम, जायगा आर पुराउ सोमोयः** Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कामी पुराउ रेयाक् सोमोय (36) छत्तीस चान्दो। **2. कामी रेयाक् मोट पुंजीः** रु. 64,40,393.63/- ठिका कागोच रेयाक् गोनोम- शुन्य, **3. बीड सिक्युरिटीः** 1,28,900/- 4. ई-ठिका बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः ई-ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक 03.02.2025 हिलोक् 11.00 बजे आर ई-ठिका झिजुक् रेयाक् तारीक 03.02.2025 हिलोक् 11.30 बजे। **5. वेबासाईट रेयाक् बानाडायः**

**www.ireps.gov.in**

ई ठिका तारी रे मैन्युअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (क.वि.)**

**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/01911/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/32**

## शेयर बाजार में 61 लाख करोड़ निवेशकों के डूबे

17 लाख करोड़ सरकार ने जीएसटी में जनता से वसूला

देश के शेयर बाजार में पिछले 109 दिनों से जारी गिरावट ने निवेशकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। निवेशकों को 26 सितंबर 2024 के बाद से अब तक बाजार से लगभग 61 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में 13 से 14 फीसदी की गिरावट ने शेयर बाजार के निवेशकों में हाहाकार मचा दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग से सरकार ने टैक्स संग्रह में 17 लाख करोड़ रुपये का टैक्स वसूल करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जीएसटी का यह टेक्स पिछले वर्ष की तुलना में 15.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी टैक्स में करीब 65 फ़ीसदी हिस्सेदारी सबसे गरीब और मध्यवर्ग की होती है। भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के प्रमुख कारण वैश्विक और घरेलू घटनाक्रम है। अमेरिका में मजबूत जॉब डेटा ने फेड की रेट कट की उम्मीदों को कमजोर किया है, जिससे वैश्विक बाजारों पर दबाव बढ़ा है। भारत में इसका असर सबसे ज्यादा हुआ है। इसके अतिरिक्त, रुपये में लगातार गिरावट के कारण शेयर बाजार में हाहाकार मच गया है। डॉलर के मुकाबले 83.2 से बढ़कर 13 जनवरी 2025 को 86.61 तक पहुंच गया है। कच्चे तेल और आयातित वस्तुओं की कीमतों में रुपए के मुकाबले डॉलर के उछाल ने भारतीय बाजार में कंपनियों के लिए नई मुसीबत पैदा कर दी है। भारत में डॉलर के मुकाबले रुपया के कमजोर होने से महंगाई तीन से चार फीसदी तक बढ़ गई है। शेयर बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, म्यूचुअल फंड और पब्लिक निवेश में निवेशकों की हिस्सेदारी 27 फीसदी के आसपास है। 61 लाख करोड़ के नुकसान में लगभग 16.47 लाख करोड़ की हिस्सेदारी म्युचुअल फंड के निवेशकों की है। इससे स्पष्ट है कि जनता के मेहनत की कमाई शेयर बाजार में बैंक, वित्तीय संस्थानों, भारतीय जीवन बीमा निगम म्युचुअल फंड के माध्यम से जो शेयर बाजार में निवेश किया गया है, डूब रही है। इसके कारण आम और छोटे निवेशकों को हर तरह से पिछले कई महीनों से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार का टैक्स संग्रह लगातार बढ़ रहा है। जीएसटी के दायरे में सभी सेवाओं और वस्तुओं को शामिल किया गया है। इनकी टैक्स दरें भी पहले की तुलना में बढ़ा दी गई हैं। पिछले वर्ष 14.5 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इस साल 17 लाख करोड़ रुपये का संग्रह जीएसटी में हुआ है। यह ऐसा टैक्स है जो गरीब से गरीब आदमी को भी चुकाना पड़ रहा है, जिसके कारण बाजार में महंगाई और टैक्स के कारण आम नागरिकों और मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे ही नहीं बचे हैं। सरकार बाजार को स्थिर रखने, महंगाई और टैक्स कम करने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण शेयर बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह समय सरकार के लिए गंभीर रूप से आत्म-मंथन करने का है। घरेलू आर्थिक नीति निर्माण और बाजार की मांग और आपूर्ति पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया, तो निवेशकों का भरोसा शेयर बाजार में और भी कमजोर हो सकता है। शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है। रिजर्व बैंक और सरकार को डॉलर के मुकाबले रुपये को स्थिर करने, विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने, विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजार में भरोसा बढ़ाने, तेल संकट और आयातित वस्तुओं के बढ़ते दाम से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। निवेशकों के लिए यह समय सतर्कता का है। बाजार की मौजूदा स्थिति से साफ है, सही जानकारी और विवेकपूर्ण निर्णय से निवेशक इस संकट से बाहर निकल सकते हैं। शेयर बाजार में जिस तरह की अफरा तफरी मची हुई है, इसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ी तेजी के साथ पड़ रहा है। अर्थ शास्त्रियों का कहना है, जिस तरह से मार्केट में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, महंगाई और बढ़ते टैक्स के कारण आम आदमी और मध्यम वर्ग का जीना बड़ा मुश्किल हो गया है। पिछले एक दशक में लोगों की खर्च के मुकाबले आय नहीं बढी है। खर्च लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। जिसके कारण आम आदमी की पहले बचत खत्म हुई, अब वह कर्जदार हो गया है। अब गरीब और मध्यम वर्ग को कर्ज मिलना भी बंद हो गया है, जिसके कारण बाजार में मांग तेजी के साथ कम हो रही है। वर्तमान स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था उलटी दिशा में दौड़ने लगी है। सरकार ने समय रहते आर्थिक नीतियों में बदलाव नहीं किया। टैक्स को कम नहीं किया। शेयर बाजार की गिरावट को नहीं रोका, डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती हुई कीमतों को नहीं रोका, तो जो स्थिति 2008 में अमेरिका की हुई थी वही स्थिति अब भारत में भी आ सकती है। सरकार को समय रहते हुए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। रिजर्व बैंक जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति करना होगी सेबी में ऐसे लोगों की नियुक्ति करनी होगी जिसके कारण विदेशी निवेशकों का शेयर बाजार पर विश्वास बढ़े। नीति आयोग में अर्थ विशेषज्ञों को लाना होगा।

# क्या एनरॉन एग से हमारा सामाजिक जीवन और बाधित हो जाएगा ?

**अशोक भाटिया**

आज के समय में टेक्नोलॉजी के बिना कुछ भी नहीं है। हमारा देश धीरे-धीरे टेक्नोलॉजी से लैस होता जा रहा है। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक बिजली वाले अंडे का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। बता दें, ये एक ऐसा अंडा है जो माइक्रो न्यूक्लियर रिएक्टर है। जिसके जरिए आपके घर में लगातार दस साल तक बिजली आ सकती है।बता दें, पूर्व अमेरिकी ऊर्जा दिग्गज एनरॉन ने अपनी नवीनतम पेशकश %द एग% की घोषणा की है। जो एक शक्तिशाली नया पोर्टेबल परमाणु रिएक्टर है। ये लगातार दस वर्षों तक घरों को बिजली प्रदान करेगा। इसी के साथ बिजली जेनरेट भी की जी सकती है। बताया जा रहा है कि पूर्व अमेरिकी ऊर्जा दिग्गज एनरॉन ने बताया है कि अत्याधुनिक डिवाइस के विनिर्देशों और यूएसपी को छोड़ दिया। मजबूत, एल्ब्यूमिन-कलर्ड, हीट रेसिस्टेंट डिवाइस के नीचे एक जटिल इंजीनियर तंत्र है। जो एक रिएक्टर कोर और कूलेंट के लिए हैवी वाटर पंप दोनों के साथ आता है। अंडे में एक डिस्प्ले दी गई है। इसके हुड के नीचे एक पावरफुल चिपसेट लगाया गया है।अंडा एक डिस्प्ले के साथ आता है। हुड के नीचे एक शक्तिशाली चिप है। इसके लॉन्च की वीडियो में होस्ट ने कहा कि उत्पाद तीन उद्योगों में क्रांति लाएगा, जिसमें बिजली, स्वतंत्रता और स्वतंत्रता उद्योग शामिल हैं। एनरॉन एग का साउंडट्रैक वर्तमान में सोशल मीडिया पर बहुत लोकप्रिय है। वीडियो में कंपनी को पुनर्जीवित होते हुए दिखाया गया है और अब उसने एक अंडाकार रिएक्टर बनाया है जिसका उपयोग घरों में किया जा सकता है। घर की घंटी की तरह, यह अब एक परमाणु रिएक्टर है। इसे एक बार शुरू किया जाता है। यह इतना लोकप्रिय है कि यह लगातार दस वर्षों तक निरंतर बिजली उत्पन्न करता है और यह घरों के बिजली के बिल को कैसे बचाता है। बुद्धिमानी से, उन्होंने जांच करना शुरू किया कि वे इसे अपने घरों में कैसे फिट कर सकते हैं, और कुछ ने एनरॉन के रेबेका मार्क के बारे में भी याद दिलाया। इस ऑडियो क्लिप में दी गई जानकारी, इन घरेलू भट्टों को विकसित करने में तकनीशियनों का कौशल, एनरॉन के अधिकारियों द्वारा इसकी आसान प्रस्तुति, सभी उत्कृष्ट और निर्दोष हैं। उसमें त्रुटि केवल एक है। यह नकली है। यह बहुत अंधाधुंध रूप से बनाया गया है और भले ही यह आश्चर्यजनक हो, यह पूरी तरह से नकली है और इसे सोशल मीडिया पर खाली पहाड़ियों पर घूमने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दुनिया के कई प्रमुख फैक्टचेकर्स ने खुलासा किया है कि वीडियो नकली है। यह मनोरंजन के रूप में ठीक है, लेकिन क्या होगा अगर विषय गंभीर है? वर्तमान में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बौद्धिक समुदाय में भारी वृद्धि हुई है और वह इस सब को गंभीरता से लेता है। यह तथ्य तब स्पष्ट होगा जब हम लोगों के खाली समय में एक-दूसरे पर अपने नाखून रगड़ने के उदाहरण देखेंगे क्योंकि उनके बाल काले और लंबे हो जाते हैं, हृदय रोग को रोकने के लिए ट्रांसजेंडरों के तरीके से ताली बजाते हैं, सुबह पार्क में विभिन्न भिखारी सामग्री का रस पीते हैं, आदि। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं जो प्लेट चालू करते हैं और लाइट बंद करते हैं और अंधेरे में बैठते हैं। अगर ऐसा किया जाता है, तो सोशल मीडिया मलमूत्र पर खिलाए जाने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक होगी। इन आधी-अधूरी बातों को नजरअंदाज करने में ही समझदारी है। हालांकि, मेटा, जो फेसबुक का मालिक है, ने अब से फैक्टचेक को रोकने का फैसला किया है, जो यादृच्छिक अलगाव की संख्या में वृद्धि का जोखिम उठाता है, इसलिए इस मुद्दे पर टिप्पणी करना महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया जीव तीन तत्वों से तंग आ चुके हैं- फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और तीसरा इंस्टाग्राम। फेसबुक और ट्विटर दोनों ने फैक्टचेकर्स को छोड़ दिया है। तथ्य यह है कि ये दोनों कंपनियां ऐसे समय में फैक्टचेकिंग कर रही हैं जब डोनाल्ड ट्रम्प जैसे झगड़े को संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जा रहा है, इन दोनों कंपनियों और अमेरिकी राष्ट्रपति पर एक टिप्पणी है। इसका मतलब है कि झूठ और झूठ दोनों का आधार है। इन दोनों को अभी ऐसे सत्य का त्याग करने की आवश्यकता क्यों महसूस करनी चाहिए? इसका उत्तर है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। चुनाव प्रचार के दौरान, ट्रम्प ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में अप्रवासी स्थानीय नागरिकों के पालतू कुत्तों और बिल्लियों को खा रहे थे। उन्होंने हाल ही में यूरोपीय देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों के बारे में एक समान टिप्पणी की। फैक्टचेकर्स ने तुरंत झूठ का पर्दाफाश किया। जाल में मत फसो। एक्स के एलन मस्क ने अगला कदम उठाया। वह अब उन पदों के लिए भुगतान नहीं करेगा जो उनके पर पढ़े और प्रसारित किए जाते हैं। दुनिया में प्रगति के किसी भी चरण में, हमेशा गंगा की तुलना में अज्ञानता में रुचि रखने वाले अधिक लोग होते हैं, जो ज्ञानेश्वरी की तुलना में अज्ञानता में अधिक रुचि रखते हैं।जो असत्य और असत्य हैं, उन्हें ही अधिक से अधिक पढ़ा जाएगा और फैलाया जाएगा। अब मस्क इसके लिए भुगतान करेंगे। ट्रम्प के फिर से उभरने से पहले, ÷एक्स÷ को भी फैक्टचेक किया गया था। मस्क ने इसे हटा दिया। अर्थ सरल है। जो लोग बुराई, अश्लील और असत्य, गुमनाम से अधिक मानहानिकारक लिखते हैं, उन्हें अब ङ्ग से सीधा प्रोत्साहन मिलेगा। वह दोगुना होगा। यानी किसी के बारे में लिखो, उसे फैलाओ और पैसा पाओ। पिछले दिनों हमारा अभियान था देवी के रोगी को बताओ और एक हजार रुपये प्राप्त करो÷। जल्द ही हमें अभियान चलाना होगा फेसबुक और एक्स पर सच बताओ और एक हजार रुपये पाओ। लोटांगन। का प्रमुख ञ्जद्बद्भ का पाप साथी है।

मेटा के जुकरबर्ग के साथ ऐसा नहीं था, जिन्होंने अलग-थलग होने का नाटक किया था, और अब उन्होंने इस विचार को छोड़ दिया है कि ये दोनों कंपनियां अब प्रचार प्रणाली का एक आधिकारिक हिस्सा बन जाएंगी,

जिसे अब तक अमेरिकी राजनीति से दूर रखा गया है- ट्रम्प 2020 का चुनाव हार गए, जो बिडेन ने डेमोक्रेटिक पार्टी जीती, और 2016 में तथ्य-जांचकर्ताओं को अधिक महत्व देना शुरू कर दिया। इंग्लैंड में ब्रेक्सिट की दो घटनाओं के बीच संबंध सामने आया था। इसने दिखाया कि दुष्प्रचार और प्रचार कितना विनाशकारी हो सकता है, जिससे सोशल मीडिया के इस नापाक व्यापार मॉडल और फैक्टचेकिंग की आवश्यकता पर बहुत अधिक सार्वजनिक आक्रोश पैदा हो सकता है। फेसबुक ने अपना प्लेटफॉर्म न्यूट्रल फैक्टचेकर्स के लिए उपलब्ध कराया। इससे कुछ हद तक अफवाहों के प्रसार पर अंकुश लगा। क्योंकि एक बार किसी समाचार/घटना को फैक्टचेकर्स द्वारा गलत साबित करने के बाद, व्यवस्था की गई थी कि यह समाचार कतार के नीचे तक गिर जाएगा। फिर भी, अगर किसी ने इसे भेजने की कोशिश की, तो उन्हें चेतावनी दी गई कि ÷यह पाठ असत्य है। अब कोई व्यवस्था नहीं होगी। चूंकि इनमें से किसी भी कंपनी ने फैक्टचेक न करने का फैसला नहीं किया है, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोनों मीडिया अब से झूठ बोलने वालों के चालक बन जाएंगे। लेकिन फेसबुक के बारे में एक सांत्वना है। यानी यूरोपीय देशों में इसकी इजाजत नहीं दी जाएगी। यूरोपीय देश सोशल मीडिया कंपनियों को लेकर बेहद सजग हैं।

यह अच्छी तरह से जानते हुए कि इन कंपनियों को उन देशों में काम करने की अनुमति नहीं थी, मेटा के जुकरबर्ग ने फैक्टचेकर्स को केवल इसलिए रद्द करने का फैसला किया क्योंकि वह यूरोपीय कट्टरपंथियों से अवगत थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के बजाय यूरोप ने अक्सर मेटा जैसी गैर-जिम्मेदार कंपनियों के जीवन को मेटा में ला दिया है। इस संदर्भ में भारत जैसे देशों को भी सावधान रहना चाहिए और अमेरिका में झूठ का प्रसार होना चाहिए। ऐसा साफ-सुथरा स्टैंड लें। नहीं तो फेकूचंद के फाल्गुनोत्सव से हमारा सामाजिक जीवन और बाधित हो जाएगा।

# धर्म के मांगलिक स्वरूप को संवर्धित करता है कुंभ

**अरुण कुमार दीक्षित**

प्रयाग प्रागैतिहासिक तीर्थ है। प्रयाग अपने आध्यात्मिक प्रभाव के लिए प्रख्यात है। प्रयाग का भारतीय सभ्यता संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। ऋषियों-मुनियों ने प्रयाग और कुंभ का श्रद्धापूर्वक वर्णन किया है। सनातन धर्म के श्रद्धालु विश्वास रखते हैं कि तीर्थराज प्रयाग की यात्रा, दर्शन संगम स्नान से व्यक्ति सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। कुंभ महाकुंभ पूरे संसार के लिए दुर्लभ घटना है। करोड़ों करोड़ लोग एक साथ कुम्भ में संगम स्नान कर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाते हैं। प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा-यमुना-सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रम्हादि देवताओं ने दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण,नदी, समुद्र, गंधर्व ,अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्राकृतिक सुंदरता भी संगम में अद्वितीय है। अनेक पक्षियों का कलरव आनंदित करता है।

प्रयाग की महिमा नारद पुराण में विशेष रूप से वर्णित है। प्रयाग का त्रिवेणी संगम कार्मिक तीर्थ है। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने से राज्य, स्वर्ग, मोक्ष सब कुछ प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम में गंगा की धारा धवल और यमुना की धारा हरित है। अन्तः सलिला सरस्वती की धारा लुप्त है। नारद पुराण में लिखा है, कि मकर राशि पर सूर्य के संचार के समय समस्त तीर्थ समस्त देवता प्रयाग के त्रिवेणी संगम पर पहुंच जाते हैं। प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है। स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। वाल्मीकि रामायण में प्रयाग का वर्णन है। महाभारत में प्रयाग की महिमा का यशोगान है। तीनों लोकों में प्रयाग सभी तीर्थों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। पुण्य स्थान है। प्रयाग में महात्मा बुद्ध के द्वारा धर्म प्रचार का भी उल्लेख साहित्य में मिलता है। प्रयाग के निकट कौशांबी को सम्राट अशोक ने अपनी उप राजधानी बनाया था। वैदिक, बौद्धधर्म के साथ प्रयाग क्षेत्र में जैन धर्म के उत्कर्ष और प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ द्वारा प्रयाग के वटव्रक्ष के नीचे ध्यान लगाने का उल्लेख मध्यकालीन तीर्थमालाओं में है। प्रयाग, कौशाम्बी को अति प्राचीन नगर होने के साथ बौद्धों एवं जैन धर्मों प्रचारकों, विचारकों महापुरुषों की स्थली का गौरव भी है।

चीनी यात्री ह्वेनसांग ईस्वी सन 644 के लगभग सम्राट हर्षवर्धन के साथ प्रयाग भी आया था। उसने लिखा यहां अन्न बहुत पैदा होता है। फलों के वृक्ष भी खूब पैदा होते हैं। यहां की जलवायु उष्ण है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। यहां के लोग नम्र और सुशील हैं। यहां के लोगों को पठन-पाठन और विद्या से विशेष प्रेम है परंतु निर्मूल और असत्य सिद्धांत पर उनका अधिक विश्वास है। नगर में केवल दो संघाराम है। थोड़े से हीनयान संप्रदाय के अनुयाई हैं। दूसरी ओर पौराणिक देवताओं के मंदिर अधिक हैं। उनके अनुयायियों की संख्या बहुत है। नगर के दक्षिण और पश्चिम में एक चंपक वाटिका में बड़ा स्तूप है। स्तूप को सम्राट अशोक ने बनवाया था। इसकी दीवारें भूमि से अधिक ऊंची हैं। इसके बगल में एक और स्तूप है जिसमें बुद्ध के केश और नख समाधिस्थ हैं। पुराणों में प्रयाग को सभी तीर्थों का अधिपति कहा गया है। कूर्म पुराण में प्रयाग को सर्वोतम तीर्थ कहा गया है। जैसे ग्रहों में सूर्य तथा तारागणों में चंद्रमा प्रमुख है उसी प्रकार समस्त तीर्थों में प्रयाग सर्वोतम है। पदम् पुराण, विष्णु पुराण, मत्स्य पुराण सहित प्राचीन ग्रन्थों में प्रयाग संस्कृति का उल्लेख और कथाएं हैं। कुंभ भगवान विष्णु का प्रतीक है। कुंभ ज्ञान बुद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। प्राचीन ग्रंथों में कुंभ को एक पवित्र स्थल के रूप में वर्णित किया गया है। प्रयाग में संगम तट पर मेले का आयोजन होता है। भारी संख्या में श्रद्धालु पूरे विश्व से आते हैं। मेघदूत में कालिदास ने एक यक्ष की कहानी बताई है। वह यक्ष अपनी प्रियतमा से अलग हो जाता है। मेघदूत (बादल दूत) के माध्यम से उसे संदेश भेजता है। इस संदर्भ में कालिदास ने मेघदूत में प्रयाग का उल्लेख कुछ इन शब्दों में किया है। ÷त्रिवेणी संगमे यत्र गंगा यमुना सरस्वती÷ अर्थात ÷जहां गंगा यमुना और सरस्वती नदियां मिलती हैं÷ कालिदास के मेघदूत में कुंभ का सीधा वर्णन नहीं है।

## पाकुड़ / की खबरें

## सोहराय पर्व पर संस्कृतिक कार्यक्रम



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** सोहराय पर्व के उपलक्ष्य पर मांझी विजय मरांडी स्टेडियम में सोमवार रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन लिट्टीपाड़ा मुखिया शिव टुडू, समाजसेवी गणेश ठाकुर एवं रंजन साहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने रात्रिभर अपना जलवा बिखेरता रहा। कलाकारों ने हिंदी, भोजपुरी , बंगला व संथाली में संगीत के साथ रेकॉर्डिंग डांस से लोगो का दिल जीत लिया। वही कलाकारों ने युवाओं के मन चाहे रेकॉर्डिंग डांस व गीत से महफिल में चारचांद लगा दिया और स्थानीय युवकों ने भी जम कर कलाकारों का साथ देकर ओर जोस ला दिया। रातभर चले कार्यक्रम को देखने के लिए सबसे ज्यादा आदिम जन जाति व संथाल युवा युवतियों की भीड़ पड़ी थी। उल्लेखनीय है कि सोहराय मेला का शुरुवात वर्ष 2000 से तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व पूर्व सांसद सोम मरण्डी ने शुभारंभ किया था। तब से लगातार सोहराय मेला लिट्टीपाड़ा के मांझी विजय मराण्डी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। मेला को लगाने में मुख्य भूमिका पूर्व सासंद की पत्नी कपुरमुली टुडू, लिट्टीपाड़ा पंचायत के मुखिया शिव टुडू, मुन्ना मुर्मू, दिनेश मुर्मू व शुभाशीष मुर्मू का मुख्य भूमिका रहा।


## करणडांगा में हुई हत्या मामले को लेकर एक व्यक्ति को बनाया गया आरोपी

हिरणपुर (पाकुड़) बीते रविवार की रात करणडांगा गांव के केसर पोखर निकट हुई हत्या मामले को लेकर सोमवार शाम मृतक असराफुल अंसारी की मां हबीबन बेवा ने थाना में मामला दर्ज कराई है। दर्ज मामले में आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 12 जनवरी की शाम शिवनगर कुसुमटोला निवासी उस्मान अंसारी आकर मेरे बेटे असराफुल अंसारी को अपने साथ घर लेकर गया। इसके बाद पुत्र घर वापस नही आया। दूसरे दिन ग्रामीणों द्वारा सुबह साढ़े सात बजे सूचना देने पर घटनास्थल पहुंचा तो पाया कि पुत्र मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है। जिसके सिर पर किसी भारी वस्तु से कुचलकर मारा गया है।यह हत्या उस्मान अंसारी ने ही किया है। उधर इस हत्या मामले को लेकर पुलिस सघन जांच में जुटी है। इसको लेकर हर विन्दुओं पर गहराई से पड़ताल कर रही है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन सिंह ने बताया कि मामले की सघन जांच की जा रही है। इस मामले में संलिप्त आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगाई गरम कुंड में आस्था की डुबकी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़िया (पाकुड़ )मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत सितपुर गरम कुंड स्थल पर आस्था की सैलाब उमड़ पड़ी । इस दौरान आदिवासी साफाहोड़ समाज के हजारों लोगो ने अपने अपने धर्मगुरुओं के अगुवाई में इस पवित्र कुंड पर आस्था की डुबकी लगायी और देवाधिदेव महादेव ,भगवान सूर्य,राम,कृष्ण आदि देवताओं की पूजा पारंपरिक विधि विधान से किया । मकर संक्रांति के अवसर पर झारखंड, बंगाल, बिहार के अलग अलग जिले से पहुँचे हजारो की तादाद में श्रद्धालुओ ने पूजा के दौरान तुलसी पिंड से निर्मित सैकड़ों पूजा स्थलो पर त्रिशूल और झंडा गाड़कर फल, फूल, बेलपत्र , मिष्ठान्न प्रसाद चढ़ाया और भक्तिरस में डूब गए । आदिवासी श्रद्धालुओं ने यहाँ लगाये गए पूजा शिविरों में वाद्ययंत्रों के साथ भजन संकीर्तन में लीन हो गये । वहीं कई भक्तों ने इस अवसर पर पूजा पाठ के बाद तील, चूडा, दही, तिलकुट आदि सामग्रियों का स्पर्श कर उसे दान भी किया। इधर इस उपलक्ष्य में यहां आयोजित विराट गरम पानी मेले का आयोजन हुआ है जो मंगलवार को शुभारंभ हो गया । यह मेला अगले दो दिनो तक चलेगा । मेले में उमड़ी लाखो की भीड़ में लोगो ने मनोरंजन हेतु आये तारामाची, सर्कस, चिडियाघर, संथाली ड्रामा, मीना बाजार,बुगिबूगी डांस प्रोग्राम में जमकर लुत्फ उठाया । यहां मिठाईयों,लोहे एवं लकड़ी से निर्मित तरह तरह के सामानों की भी जमकर खरीददारी की । मेले में उमड़ी भीड़ में विधिव्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन मेला परिसर में मुस्तैद थी तथा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पेट्रोलिंग दल घूम घूम कर भीड़ का जायजा ले रही थी । रात भर लोगों ने मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया । मेले में टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है और विकट स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन की भी तैनाती है । स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम मेला में कैंप कर रही है । मेला स्थल के पास दो एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश पर रोक लगा दी गई है , इसके लिए मुख्य आर ई ओ सड़क के किनारे स्टैंड की व्यवस्था की गई है । मेले में ग्राम प्रधान सेकेन सोरेन भी अपनी पूरी वोलेंटियर टीम के साथ पूरी तरह से एक्टिव थे।



## परगला नदी किनारे मेला आयोजित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर (पाकुड़) मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से ही परगला नदी किनारे धार्मिक उत्सव का वातावरण रहा। जहां क्षेत्र के दर्जनों साफा होड़ मण्डली द्वारा अलग अलग स्थल पर देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। नदी किनारे सुबह से ही साफा होड़ की उपस्थिति देखी गई। क्षेत्र के दर्जनों गांवों के साफा होड़ अपने अपने दलो के लोगो के साथ एकत्रित होकर पहुंचे व निर्दिष्ट स्थल पर देवी देवताओं की तस्वीर रखकर परम्परागत रूप से पूजा अर्चना प्रारम्भ किया। इसके पूर्व नदी में स्नान कर सफेद वस्त्र धारण किया। इसके बाद नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया ।वही बजरंगबली का भी पूजा किया गया ।पूजा स्थल में सभी श्रधालुओ द्वारा लोटा में जल भरकर पूजा स्थल में रखा गया। वही फल फूल सहित मिठाई सहित अन्य पूजन सामाग्री भी रखी गई। जहां गुरु बाबा द्वारा आदिवासी परम्परा अनुरूप विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। वही आस्था अनुरूप देवताओ को स्मरण करते हुए नृत्य भी किया गया। गुरु बाबा चूंडा मराण्डी , मातला किस्कु , सुबोधन मड़ैया आदि ने बताया कि धार्मिक आस्था अनुरूप मकर संक्रांति पर भगवान राम , कृष्ण , शिव आदि की पूजा अर्चना की जाती है। उधर इस अवसर पर नदी किनारे भव्य मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें साफा होड़ सहित अन्य लोग भी शरीक हुए। उधर इस मेले को लेकर आयोजक कमिटी के जयंत मण्डल , जामु मराण्डी ,कैलाश सिंह सहित काफी संख्या में पुलिसबल भी तैनात थे।

## सेवानिवृत्ति परिवार ने किया नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़** । स्थानीय पाकुड़ में घर निर्माण कर वायु सेना सिंघारसी के सेवानिवृत परिवार का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह बैंक कॉलोनी सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में किया गया । जिसमें एक समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेवानिवृत् सिगरसी के एयर फोर्स का एक कमेटी गठन किया जाय। सर्वसम्मति से सेवानिवृत परिवार का प्रेसिडेंट जुनियर वारंट ऑफिसर बिश्वनाथ भगत , वाईस प्रेसिडेंट पूनम देवी और काजल मंडल , सेक्रेटरी महादेव रविदास , केशियर अशोक सिन्हा साथ में सदस्य रणवीर सिंह , राम प्रवेश पासवान , बबली यादव ,धर्मेंद्र सिंह , बिपत भंजन सिंह , श्रीधर दास को बनाया गया। वहां उपस्थित सभी ने आपस में तय किया कि कि हम एक दूसरे के सुख दुख के साथ रहेंगे। सौहार्दय पूर्ण वातावरण में आपसी कार्यक्रम और मिलन समारोह करेंगे। । एक निश्चित सहयोग राशि जमा करेंगे।

## एसडीपीओ महेशपुर सहित चार पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान

पाकुड़।जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को पुलिस लाईन मैदान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तचाप, सुगर, जॉइंट पेन, गठिया, हिमोग्लोबिन जांच, दंत, नेत्र जांच एवं बच्चों से संबंधित आदि लोगों का जांच निःशुल्क किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर विजय कुमार एवं पुलिसकर्मियों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। जिसमें चेक अप के दौरान कुल 209 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

## परगला नदी के निकट नवजात बच्चा लावारिश पड़ा मिला

हिरणपुर (पाकुड़) मंगलवार सुबह रानीपुर - डांगापाड़ा पथ के परगला पुल निकट सड़क किनारे रखे हुए पुआल के ढेर में एकदिन की नवजात शिशु को पड़ा हुआ पाए जाने पर कोहराम मच गया। वही सड़क से गुजर रहे एक ईरिक्शा चालक की नजर बच्चे पर पड़ी। जो आननफानन में बच्चे को लेकर अपना घर की ओर चला गया। मिली जानकारी के अनुसार परगला नदी किनारे मकर संक्रांति के अवसर पर मेला आयोजन होना था। इसको लेकर सुबह से ही दुकानदारों सहित अन्य लोगो का आना जाना शुरू हो गया था। सुबह करीब नो बजे रानीपुर गांव के कुछ युवक , जो अपने खेतों की ओर जा रहा था कि सड़क किनारे रखे हुए पुआल की ढेर में साड़ी से लिपटे कुछ देखा। जिज्ञासावश सामने आकर देखने पर पाया कि एक नवजात बालक जीवित अवस्था मे साड़ी से ढके पड़ा हुआ है। इसको लेकर उक्त स्थल पर लोगो की हुजूम उमड़ पड़ी। लोग कौतूहल के साथ बच्चे को देख रहा था। इस बीच अपने को धोवाडांगा के निवासी बताने वाले ई रिक्शा चालक ने बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के नाम पर लेकर आननफानन में चला गया। पर स्वास्थ्य केंद्र में जाने पर बच्चा व उक्त चालक को नही पाया गया। इसको लेकर धोवाडांगा गांव में भी पता लगाने की कोशिश की गई , पर समाचार लिखे जाने तक पता नही चल पाया।

## झा प्रा स्कूल के महासचिव आईसीयू में भर्ती हैं, पाकुड़ से पांच सदस्यी टीम बोकारो रवाना

पाकुड़ । झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव राम रंजन सिंह संगठन के कार्य से अपनी गाड़ी से रांची जाने के क्रम में बोकारो के पास पेटावर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना से संपूर्ण झारखंड के प्राइवेट स्कूल के संगठन हद प्रद हैं। सभी संगठन ने भारी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी संगठन के लोग उनके साथ हैं और हर संभव सहयोग और मदद करने के लिए तैयार हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा होने नहीं दिया जाएगा। हम सब आपस में एक हैं और एक रहेंगे। इस बीच जिला अध्यक्ष गेब्रियल मुर्मू ने बताया कि धनबाद जिला सचिव इरफान खान ने जानकारी दी है कि महासचिव राम रंजन कुमार सिंह अभी आईसीयू में भर्ती हैं। उनके कंधे के दाहिने साइड के हाथ की हड्डी टूट गई है और साइन की दो हड्डी भी टूट चुकी है । सांस लेने में दिक्कत हो रही है । आईसीयू में मेडिकेंट हॉस्पिटल बोकारो में भर्ती है। अभी खतरे से बाहर है । गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी को कोई इसकी जानकारी दी गई है। रामप्रकाश तिवारी ने कहा है कि संगठन पूरी तरह से उनके साथ है। कहीं भी असुविधा होने नहीं दी जाएगी । हर संभव संगठन के लोग मदद करेंगे।

# पुस्तक मेला में बच्चों ने अभिभावकों के साथ फूड, क्राफ्ट, केक और लिट्टी चोखा का उठाया लुफ्त

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** पुस्तक मेला के चौथे दिन मकर संक्रांति के दिन मेला में पुस्तकों को लेकर लोगों में काफी जागरूकता दिखी। बच्चे अपने अपने अभिभावक के साथ आए और पुस्तकों के साथ साथ यहां फूड क्राफ्ट,केक और चाईबाजी चाय के साथ साथ लिट्टी चोखा का भी खूब लुफ्त उठाया।आज का सुबह का सत्र योग अध्यात्म का था जो आर्ट ऑफ लिविंग के निशांत के प्रभार में आयोजित था.जिसमें मकड़ संक्रांति से जुड़े तथ्यों के बारे में जानकारी भी दिए।फिर स्कूल के बच्चों के द्वारा स्टोरी टेलिंग का प्रतियोगिता का था






जिसमें प्रथम पुरस्कार खुशी झा और वेंकटेश श्री को मिला दूसरा पुरस्कार साक्षी भारद्वाज जबकि तृतीय पुरस्कार रुचि कुमारी को मिला।पुरस्कार निर्णायक डॉ अजीत नारायण पाण्डेय,अवधेश कुमार,सुबोध झा और प्रदीप देव के हाथों दिया गया।इस सत्र के प्रभारी मेला सह प्रभारी दीपक कुमार,प्रेम कुमार और शिवेंदु दत्त मिश्रा थे।मंच संचालन प्रभाकर और रौशन मिश्रा ने किया।यूथ पार्लियामेंट के दूसरे सेशन में आज का दिन टैक्स पे जहां विपक्ष ने सत्ता पक्ष से सवाल किया कि डायरेक्ट इनडायरेक्ट टैक्स से जनता परेशान है.सत्ता पक्ष इस के लिए क्या कर रहा इसके जवाब में सत्ता पक्ष से जवाब देते हुए कहा कि कोरोना के समय जो हालात थे उसमें पैसा रहते हुए भी सभी के लिए जरूरतें पूरी नहीं कर पाना सरकार की विवशता थी।क्यों की ये हालात पूरे विश्व का था।टैक्स से हीं देश चलता है जहां पहले का पैसा घोटाले में जाता था अब काम में लगता है।इसके साथ राष्ट्गान के साथ है आज का सदन स्थगित किया गया।तीसरे सत्र में सभी के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का था जिसमें दर्जनों बच्चों ने भाग लिया जिसमें संदीप कुमार को पहला ,खुशी झा को दूसरा और अंकेश गौतम को तीसरा पुरस्कार मिला।

## देवसंघ नेशनल स्कूल में मना स्थापना दिवस




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** 30वॉ स्थापना दिवस सह वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन मंगलवार को देवसंघ नेशनल स्कूल के परिसर में हुआ।जिसमें रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ देवघर के प्राचार्य के दिव्यसुधानंद महाराज मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि डॉ युगल किशोर चौधरी सी एस देवघर, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रभात रंजन डी एस सदर अस्पताल देवघर के संयुक्त कर कमल से दीप प्रज्वलित किया गया।देवसंघ सेवा प्रतिष्ठान के सचिव असीम चटर्जी,डिपसर के प्राचार्य,देवघर सहोदया के अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्राचार्य गण,देवघर में स्थित महाविद्यालय के प्राचार्य गण की उपस्थिति से,विद्यालय का प्रांगण शोभायमान हुआ।छात्र-छात्राओं के माता-पिता अभिभावक,शिक्षक गण,शिक्षकेत्तर कर्मियों की मौजूदगी? में कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना,सरस्वती वंदना के पश्चात संस्कृतिक कार्यक्रम तथा उल्लेखनीय योगदान देने वाले 2023 - 24 के छात्र-छात्राओं को गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा सीनियर के जी से लेकर द्वादश पर्यंत पुरस्कृत किया गया।अपने संभाषण में से असीम चटर्जी,स्वामी दिव्यसुधानंद महाराज, डॉ प्रभात रंजन, अवन्तिका आनन्द, प्रोफेसर डॉ रजनीश पांडेय, डॉ बबीता कुमारी ने संबोधन द्वारा अनमोल ज्ञानवर्धन प्रदान किया तथा अजय कुंजिलवार आदि सबों के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।स्वामी दिव्यसुधानंद ने वेदांत दर्शन, आध्यात्म से अद्भुत किया एवं शिक्षा पूर्ण का सनातन, शाश्वत स्थाई महत्व बताया और देवसंघ को स्मरण करते हुए शांति आध्यात्म की गरिमा को याद किया । आश्रम के आचार्य सचिव असीम ने सत्यदेव महाराज, सोमेंद्र नाथ ब्रह्मचारी,मां हेमवती को स्मरण करते हुए सभी को शुभकामनाएं तथा आशिर्वाद दिया।

## बुढ़ेई थाना में बैट्री चोरी का मामला दर्ज

**देवघर।** बुढ़ेई थाना में अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम जाभागुरी स्थित जियो टायर से बैट्री चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। यह मामला आवेदक निधलेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत पर आधारित है, जो लातेहार जिले के थाना चान्दवा के सासंग गांव निवासी है। आवेदक ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोरों ने जाभागुरी स्थित जियो टावर से बैट्री चोरी कर ली। इस घटना के संबंध में बुढ़ेई थाना में कांड संख्या 01/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है और भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2) के तहत जांच की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तिलक सेवा समिति ने किया कंबल का वितरण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** तिलक सेवा समिति देवघर के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस साल भी जरूरत मंद लोगों असहायों के बीच निःशुल्क कंबल वितरण किया गया. विदित हो कि समिति प्रत्येक वर्ष वैसे लोगों को ठंड के मौसम में कंबल वितरण करते आ रही है. जिनको सहयोग के तौर पर आज तक किसी संगठन या संस्था के द्वारा ठंड के मौसम में कंबल नहीं मिला है. जिस अवसर पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय महासचिव डॉक्टर विक्रम कुमार वरिष्ठ संरक्षक पूर्व प्रधान जिला जज चंद्र शेखर पांडेय राकेश केंद्र राय केंद्रीय डिफेंस टेक्निकल ट्रेनर अमित कुमार समिति के कोष अध्यक्ष राजेश कुमार शाही के अलावे काफी संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे लगभग एक सो लोगों के बीच निःशुल्क कंबल वितरण किया गया।

## पानी बचाओ जीवन पाओ भाषण प्रतियोगिता कल से


**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** पानी बचाओ जीवन पाओ जलसंरक्षण सहयोगसमिति लिमिटेड,देवघर सतत जलसंरक्षण जागरूकता में जुटी रहती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष बच्चों में जागरूकता हेतु अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता आयोजन का शुभारंभ 16 जनवरी 2025 से आर एल सर्राफ में वहां के प्राचार्या के कर कमलों से प्रारंभ करने जा रही है। इस प्रतियोगिता में सभी उच्च विद्यालयों को शामिल किया गया है। मातृ मंदिरबालिका उच्च विद्यालय,गोवर्धन साहित्य उच्च विद्यालय,बिहारी लाल सर्राफ रिखिया उच्च विद्यालय,बलसरा उत्क्रमित विद्यालय,आर मित्रा उच्च विद्यालय आदि अलग अलग दिनों में उन्हीके विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता में चयनित छात्रों में अंत में फाइनल पुनः रामेश्वर लाल सर्राफ उच्च देवघर में आयोजित किया जाएगा। प्रथम ,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से सम्मानित करने के साथ सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा।इस कार्यक्रम से विभिन्न श्रोता विद्यार्थी में भी जल संरक्षण संवर्धन का संदेश जाएगा। प्रोग्राम का प्रायोजन सहयोगी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बम बम बाबा रोड रामराज्य जजवाडे ट्रस्ट रहेगा। पानी बचाओ जीवन पाओ..समिति उद्देश्य है का आम जनमानस में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना सोख्ता निर्माण, वाटर एलार्म सस्ते दर में उपलब्ध कराना वृक्षारोपण आदि कार्य करते रहतीं हैं।गत वर्ष एक महीने तक चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें देवघर नगर आयुक्त,पूर्व मंत्री कृष्णा नंद झा, सेवानिवृत्त केंद्रीय वेलफेयर कमिश्नर आदि गणमान्य लोग उद्घाटन व समापन समारोह में शामिल होकर पानी बचाओ जीवन पाओ जलसंरक्षण सहयोगसमिति लिमिटेड के कार्यों की सराहना किया साथ साथ सहयोगी होने का आश्वासन भी दिया था। फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन तिथि जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा।

## आर्थिक तंगी और पारिवारिक विवाद के चलते व्यक्ति ने की आत्महत्या

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर थाना क्षेत्र के तिवारी चौक स्थित शिव बिहार कॉलोनी में एक 39 वर्षीय व्यक्ति, प्रमोद कुमार सिंह, ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह करीब 9 बजे की है।

आर्थिक तंगी और तनाव बना वजह मृतक की पत्नी, खुशबू देवी के अनुसार, प्रमोद कुमार सिंह मोबाइल रिपेयरिंग की छोटी दुकान चलाते थे। आय इतनी कम थी कि बच्चे की स्कूल फीस तक समय पर नहीं भर पाते थे। इसके अलावा, जमीन को लेकर भाई के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। इन कारणों से प्रमोद मानसिक तनाव में थे। मंगलवार की सुबह, जब खुशबू देवी अपने बच्चे के साथ कमरे में थीं, प्रमोद कुमार ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और बरामदे में रस्सी से फांसी लगा ली। उनकी चीख-पुकार सुनकर पास में काम कर रहे एक मिस्त्री ने दरवाजा तोड़ा और प्रमोद को फांसी के फंदे से उतारकर सदर



अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## देवघर के मीना बाजार में दो दुकानों में आगजनी, तीन लाख रुपये की क्षति

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र के मीना बाजार में देर रात दो दुकानों में आग लगने की घटना हुई। हालांकि, स्थानीय दुकानदारों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ने से बच गई। घटना में लगभग तीन लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। आग लगने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग और दुकान मालिक मौके पर पहुंचे। घटना के बाद मीना बाजार में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय दुकानदारों ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि हर साल 50 लाख रुपये से अधिक का टेंडर किया जाता



है और राजस्व की वसूली होती है, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं किया जाता। सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना की बात कही गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। इसके अलावा, सुरक्षा के लिए होमगार्ड की तैनाती भी नहीं की गई है, जिससे मीना बाजार के व्यापारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस घटना ने बाजार के व्यापारियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। दुकानदारों ने नगर निगम से बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा उपायों की मांग की है।

## देवघर नगर निगम ने बांटे कंबल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम द्वारा सर्दी के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए एक कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन से प्राप्त कंबल के तहत, वार्ड संख्या 35 में वार्ड जमादार भिविषण पंडित के द्वारा कुल 30 गरीब, असहाय और निर्धन व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। नगर आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत, सभी वार्डों में वार्ड जमादार के माध्यम से कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य सर्दी से बचाव के लिए गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल प्रदान करना था। इस वितरण कार्यक्रम से स्थानीय समुदाय को लाभ मिलने की उम्मीद है, और नगर निगम ने अन्य वार्डों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।



## मकर संक्रांति पर रामचरितमानस पाठ और भव्य हवन अनुष्ठान का आयोजन



**संवाददाता**

**मधुपुर ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंगलवार को पंचमंदिर रोड स्थित अमर कैलाश त्रिपुर धाम मंदिर परिसर में रामचरितमानस का अखंड पाठ आयोजित किया गया। इस दिव्य आयोजन को मंदिर के पुरोहित कौशलेश मिश्रा के नेतृत्व में श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न किया गया। इस दौरान,आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। पाठकर्ता विनय पाठक, पंचानंद पाण्डेय, योगेंद्र मिश्र, अशोक मिश्र,सचिन पाठक, और चंद्रमोलेश्वर द्वारा सातों कांड–बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, लंकाकांड और उत्तरकांड–के दोहे, चौपाइयां और छंदों का वाद्ययंत्रों के मधुर स्वर के साथ लयबद्ध पाठ किया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्तिभाव से इन दोहों और चौपाइयों का उच्चारण किया। वहीं, बुधवार को सुबह एक बजे से हवन-पूजन और पूर्णाहुति के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। इसके बाद भक्तों के बीच भोग स्वरूप खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस पवित्र आयोजन ने पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बना दिया है।

## मुखिया पर मारपीट और जातिसूचक गाली देने का आरोप

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रिखिया थाना में नया चितकाठ पंचायत के मुखिया अनील साह पर जातिसूचक गाली देने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। यह घटना 12 जनवरी रविवार को सुबह करीब 10-30 बजे हुई, जब वादी बालेश्वर तुरी पंचायत भवन के सामने दीवार पर रंग पुताई का कार्य कर रहे थे। वादी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह दीवार लेखन हेतु रंग पुताई कर रहे थे, तभी पंचायत के मुखिया अनील साह ने उनका काम रोकने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने जातिसूचक गालियाँ दीं और वादी के साथ मारपीट की। वादी की शिकायत के आधार पर रिखिया थाना में कांड संख्या 11/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, जैसे 126(2), 115(2), 324(3), 352, 351(2) और स्ट/स्ज्ञ (अत्याचार निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इन धाराओं के तहत जातिसूचक अपमान और शारीरिक उत्पीड़न को गंभीर अपराध माना जाता है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय के व्यक्तियों के खिलाफ। आरोपी अनील साह की उम्र 45 वर्ष है और वह वर्तमान में नया चितकाठ पंचायत के मुखिया हैं, जबकि वादी बालेश्वर तुरी 30 वर्ष के हैं और मोहनपुर थाना क्षेत्र के सुअरदेही पंचायत के निवासी हैं।

## देवघर में अलग-अलग सड़क हादसों में नौ लोग गंभीर रूप से घायल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिले में मंगलवार की अहले सुबह अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा देवघर-दुमका मुख्य मार्ग पर घोरमारा के पास हुआ, जहां एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कुंडा थाना क्षेत्र के




हाथी पहाड़ निवासी लालदेव यादव, बाजार समिति निवासी आनंद सिंह और तीन अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। सदर अस्पताल स्थित बैधनाथ धाम ओपी पुलिस तीनों अज्ञात व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में घायल हुए व्यक्तियों में रांगा मोड़ निवासी अजीत महथा, सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के खिजुरिया निवासी संजय यादव, पवन यादव और बांका जिला के जयपुर थाना क्षेत्र के करमाटांड निवासी संदीप यादव के नाम सामने आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी घायलों को उचित इलाज देने की प्रक्रिया जारी है।

## पतंग उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, 2025 के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर आज नंदन पहाड़ में पतंग उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम का थीम ÷यातायात नियम अपनाएं, दुर्घटना मुक्त सफर का सुरक्षित उड़ान भरें÷ पर आधारित था, जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के बारे में जागरूक कर सुरक्षित सफर प्रदान करना है।

इसके अलाव जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार के द्वारा पतंग उड़ा कर किया गया एवं कार्यक्रम में भाग लेने दूर से आए देवघर के नवयुवक खिलाड़ी को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना,सीट बेल्ट का प्रयोग



करना,खतरनाक तरीके से वाहन न चलाना,दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी लेकर न चलना, मोबाइल पर बात करते समय वाहन न चलाना,नशापान कर वाहन न चलाना, साथ ही अधिकृत उम्र होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के उपरांत ही वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी,अमर जॉन आईन्द, जिला खेल पदाधिकारी, देवघर संतोष कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय,मोटरयान निरीक्षक,देवघर अमित झा,सुभाष तिग्गा,प्रथम कुमार रजवार,सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक प्रविंद कुमार, आई0 टी0 सहायक अजय कुमार एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**

**पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन**
**सीजीओ परिसर, लोधी रोड, नावां दिल्ली-110003**

**माहित: 7 जनवरी 2025**

**खोबोर**

**धियानाक् लेकः अल्पसं यक कार्य मंत्रालयाक् सीखो और कमाओ/उस्ताद/नई मंजिल/नई रोशनी योजनाको तारी रे कामीकान जोतो परियोजना चालाव-बाक्नाव एजेंसीको।**

जोतो परियोजना चालाव-बाक्नाव एजेंसीको (PIA) जाहांय दो अल्पसं यक कार्य मंलात्रयाक् सीखो और कमाओ/उस्ताद/नई मंजिल/नई रोशनी योजनाको तारी रे जाहांटाक् निट बोछोर लागित् परियोजना हाटिञ आकात्कोआ, ओनको दो चेतान रेयाक् योजनाको तारी रेलंबित अनुदानको (मेताक्मे जोतो लंबित किश्तको) रेयाक् प्रक्रिया लागित् जारूड़ोक् कागोच-पातोरको जामाय बाबोत रे बाडाय ओचोयेत्कोआ आर मुचात् ओपसोर एमावाको काना।

2. PIA नोआ दो ठाउकाई होयोक्आ जे जोतो जारूड़ोक्आ वैद्य कागोच-पातोरको दो **31 जनवरी 2025 हिलोक् आयुप् बेला 5:00 बजेहाबिच्** ते मंत्रालय ठेन जामायपे। जामाक्आक् कागोचको दो लंबितअनुदानको (मेताक्मे जोतो लंबित किश्त) रेयाक् प्रक्रिया लागित् मुचात् कागोच-पातोर मानावक्आ। नोआ छाडा, नोआ सांव जोड़ाव योजना पोर्टलको रे कागोच जामाय रेयाक् प्रावधान दो ओना तायोम हाताव रूवाड़ोक्आ।

3. **31 जनवरी 2025 हिलोक् आयुप् बेला 5:00 बजे तायोम खोन कागोचजामाय रेयाक् प्रावधान दो हाताव रूवाड़ा आर ओना तायोम जामाक्आक् जाहांटाक् कागोच गे सोमोय चाबाकोक् इयाते अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय होतेते बाङ बिचारोक्आ।**

एसडी/-
(निविदिता रॉय चौधरी)
अवर सचिव, भारत सरकार

**फा. सं.** SAK-17011/1/2024-SAK-MoMA

**CBC-27101/11/0004/2425**

## रोड सेफ्टी कप 25 गोड्डा फॉल्कन ने गोड्डा सीनियर को 48 रनों से किया पराजित



**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित रोड सेफ्टी कप में मंगलवार को खेले गए मैच में गोड्डा फॉल्कन ने गोड्डा सीनियर को 48 रनों से पराजित किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा फॉल्कन की टीम ने 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी करते हुए पीयूष कुमार 74 रन एवम वैभव यादव ने 36 रनों की पारी खेली। मनीष कुमार, उत्तम झा, नीतीश कुमार ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी में गोड्डा सीनियर की टीम 24 ओवर में 10 विकेट नुकसान पर 130 रन पर सिमट गईं। इस दौरान अजय मांझी 58 रन एवं नीतीश कुमार ने 16 रनों की पारी खेली। सौरव मांझी, गुफरान अंसारी ने 3-3 विकेट एवम अब्दुल हक ने 2 विकेट प्राप्त किए। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह एवम मोनू कुमार तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पीठाबिंदा एवं शिकार के साथ सगुन सोहराय सम्पन्न



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड क्षेत्र में संथाल समाज का महापर्व सगुन सोहराय पीठाबिंदा तथा पारंपरिक शिकार के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत चकनयापाड़ा सहित विभिन्न गांव में सोहराय धूमधाम से मनाई गई। मालूम हो कि इस महापर्व पर गांव को लाइटिंग से सुसज्जित तरीके से सजाया गया है। ।इस दौरान परंपरानुसार हर गतिविधि की गई। इस अवसर पर गांव के जोग पारानीक सत्य पाउरिया ने कहा कि सोहराय हमारा महापर्व है। पहले दिन हमलोग स्नान करते है,फिर पूजा करते हैं उसके बाद दूसरे दिन कुंटऊ गौ माता का पूजा करते है। तीसरे दिन होकू काटकम मछ्ली पकड़ते हैं। चौथे दिन सकरात के दिन में शिकार करने जंगल में जाते है।शिकार करके उधर से आने के वक्त एक निशान होता हैं जिसको हमलोग बोझातुइंग बोलते है। इस दौरान पारानीक रविंद्र नाथ हांसदा ने बताया कि संथाल समाज का महापर्व सोहराय में पूरे गांव को सजाया गया है तथा हमारी संस्कृति एवं रीति-रिवाज से पर्व को धूमधाम से मना रहे है।प्राचीन परंपरानुसार हर गतिविधि की जा रही है। मौके पर उत्तम पाउरिया सहित गांव के माझी हाड़ाम,लासेर साल,भद्दो,नायकी, कुड़ाम नायकी,गुड़ित,पारानीक,जोग पारानीक सहित संथाल समाज के अन्य पदधारक एवं लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति पर लोगों ने नदी-तालाब में लगाई श्रद्धा की डुबकी



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** मंगलवार को कुंडहित पखंड क्षेत्र में मकर संक्रान्ति का पर्व धुमधाम के साथ मनाया गया। मकर संक्राति के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के लोगो ने नदी, तालाब में आस्था की डुबकी लगाई। लोगो ने तालाब, जोड़- जोरिया तथा नदी मे स्नान कर भगवान सुर्य देव को फल, फुल अर्पित किया। मकर संक्रान्ति के अवसर पर नदी में स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता के अनुसार पवित्र जल मे सूर्य उदय के पहले स्नान करने से देवी देवताओं की असीम कृपा प्राप्त होती है। इसलिए लोग सूर्य उदय के पहले नदी, तालाब मे स्नान कर सुर्य देव को फल फुल अर्पित किया। मकर संक्रांति के दिन तिल से बने पकवान के साथ साथ दही, चुड़ा, पीठा आदि खाने का भी विशेष महत्व होता है। वही मकर संक्रान्ति के अवसर पर कुंडहित प्रखंड के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट कांदिहाड़ा, पाहाड़गोड़ा सहित दर्जनो स्थानो पर लोगो द्वारा पिकनिक मनाया गया। जबकि कांदिहाड़ा पिकनिक तट पर मेले का आयोजन किया जाता है। मेला मे विभिन्न तरह की दुकानो पर बड़ी संख्या में लोग आनन्द लिया। मकर दिन कांदिहाड़ा तट काफी संख्या मे लोग पिकनिक मनाया। बहरहाल मंगलवार को कुंडहित सहित आस पास के इलाके में मकर संक्रान्ति का त्योहार काफी धुमधाम के साथ मनाया गया।

## सोहराय पर्व के अंतिम दिन किया शिकार, उत्साह के साथ संपन्न हुआ त्यौहार



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में आदिवासियों का पांच दिवसीय महापर्व सोहराय उर्फ वंदना मकर संक्रांति मंगलवार को धुमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। मंगलवार को सोहराय के पांचवा दिन शिकार का आयोजन किया गया। समुदाय के लोग समुह बनाकर शिकार करने निकलते हैं। मौके पर कुंडहित प्रखंड के चन्द्रडीह ,बरमसिया, धोबना, इनायतपुर, धेनुकडीह, पहाड़गोड़ा, खैरबोना, गुदलीडीह, शंकरपुर, दुर्गापुर, बाजनापाड़ा, बाघाशोला, कालीपाथर, सौराकी, अगैया ,पुतुलबोना,सहित सभी आदिवासी गॉवों के आदिवासी युवक और युवतियों ने समूह बनाकर गॉव के निकट के जंगल झाड़ी पहुॅच कर विभिन्न जीब-जंतुओ का शिकार करते है। शिकार के दौरान शिकार किया गया जंतुओ को गॉव लाते है तथा सामूहिक रूप से पकाकर खाया जाता है। मंगलवार को सोहराय के इस विशेष आयोजन को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगो का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिकार के दौरान सभी एक दुसरे से आगे निकल जाना चाहते थे। बहरहाल आदिवासी समूदाय के लोगों ने पुरे हर्ष और उत्साह के साथ मछलियों के शिकार की परम्परा का निंवहन किया। शाम होते ही आदिवासी गावं मे महिला परुष एकत्रित होकर नृत्य गीत देर रात तक चलता है। इस दौरान आदिवासी गावं मे आदिवासी युवकों द्वारा पांरपरिक बेसभुषा के साथ नृत्य करते देखा गया। लोगो का कहना है की आज भी आदिवासी समाज मे कला संस्कृति देखने को मिलता है।

# विश्वविद्यालय के निर्देश पर जामताड़ा कॉलेज प्रशासन ने मुख्य द्वार पर जड़े ताले को तोड़ा



जामताड़ा ~ महाविद्यालय जामताड़ा के मुख्य गेट पर जड़ा ताला मंगलवार को प्राचार्य की उपस्थिति में तोड़ दिया गया । सनद रहे कि करीब 46 दिनों से महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का हड़ताल चल रहा है और अपनी मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने न सिर्फ कार्य स्थगित किए थे बल्कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया था। ताला टूटने के बाद ऐसी संभावना जताई जा रही है कि विश्वविद्यालय सहित सभी महाविद्यालय में कामकाज बुधवार से कैंपस में ही निष्पादन किये जाएंगे। बता दें कि मंगलवार को सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कौशल वार्ता के लिए गठित टीम के साथ धरने पर बैठे कर्मचारियों से बात करने पहुंचे। कर्मचारियों का एक ही कहना था कि विश्वविद्यालय में जब भी इस तरह का आंदोलन हुआ है तत्कालीन प्रशासन ताला तोड़कर अंदर गए हैं तो आप भी ताला तोड़कर ही महाविद्यालय में प्रवेश करें अन्यथा हम लोग ताला नहीं खोलेंगे। उसी क्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने महाविद्यालय के मुख्य गेट पर लगा ताला तोड़कर महाविद्यालय में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वविद्यालय से आदेश आया है कि 15 जनवरी को महाविद्यालय में कार्यों को सुचारू रूप से प्रारंभ करें, इसीलिए आज हम अपने टीम के साथ महाविद्यालय के मुख्य गेट पर लगे ताला को तोड़कर सभी कर्मचारियों से वार्ता करने पहुंचे हैं। इसकी रिपोर्ट आज ही विश्वविद्यालय को दे दी जाएगी और कल से पठन-पाठन प्रारंभ की जाएगी। वही कर्मचारी संघ के सचिव तपस कुमार चौबे ने बताया कि हम सबों का मांग बिल्कुल जायज है। यह मांग 2016 में ही पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन 2024 बीत चुका है पर अभीतक हमारी मांगे पूरी नहीं की गई है। हम अपना हक मांग रहे हैं, जो विश्वविद्यालय प्रशासन हमें नहीं दे रही है, इसलिए जब तक संघ का निर्णय नहीं आ जाता है तब तक हमारा यह अनिश्चितकालीन हड़ताल

## विश्वविद्यालय प्रशासन के पहल के बाद शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की तालेबंदी हटीं, हड़ताल रहेगी जारी

**संवाददाता**

**गोड्डा ।** पिछले 26 नवंबर 2024 से सिद्धू कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय एवं उसके सभी सरकारी कॉलेजों में नॉन टीचिंग स्टाफ का हड़ताल चल रहा था। सिद्धू कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन के पहल के बाद दुमका में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की तालेबंदी को समाप्त करने के बाद सारे शैक्षणिक एवं अन्य कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

वहीं बताया गया कि विश्वविद्यालय के आदेश के अनुसार गोड्डा प्रशासन के मदद से गोड्डा कॉलेज में भी आज से तालेबंदी समाप्त कर सारे कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। आज तालेबंदी को तोड़कर गोड्डा कॉलेज के सारे कार्य प्रारंभ किये जाएंगे।



कॉलेज प्रशासन एवं प्राचार्या डॉ0 स्मिति घोष

स्मिति घोष की तरफ से गोड्डा एसडीएम को इस आशय का पत्र दे दिया गया है। प्राचार्या डॉ0 घोष ने 14 जनवरी के छुट्टी के दिन संध्या इस आशय की एक बैठक की जिसमें डॉ0 विवेकानंद सिंह समेत कई शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के आदेश के अनुपालन एवं छात्र हितु को ध्यान में रखते हुए आज तालेबंदी को समाप्त कराया जाएगा। लेकिन शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की हड़ताल पहले की तरह ही चलते रहने की संभावना है। डेढ़ महीने से भी अधिक चले इस हड़ताल के कारण छात्रों के बहुत से कार्य बाधित हुए हैं। गोड्डा कॉलेज की प्राचार्य डॉ0 स्मिति घोष

## उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

।दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में मकर संक्रांति पर भक्तों की भारी भीड़ रही। झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के शिव भक्त बासुकीनाथ पहुंचे और बाबा फौजदारी नाथ का स्पर्श पूजन किया। इस अवसर पर भक्तों को सुविधाजनक ढंग से पूजा का अवसर सुलभ कराने के लिए व्यापक प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। कतारबद्ध व्यवस्था के तहत भक्तों को गर्भ गृह में प्रवेश कराया गया और बोल बम के जय घोष के साथ भक्तों ने बाबा का दर्शन पूजन किया।मकर संक्रांति पर बड़ी संख्या में भक्तों ने बासुकीनाथ धाम के शिवगंगा में स्नान किया और सूर्य को अरघा प्रदान करने के साथ दान पुण्य कर मंगल की कामना की।यहां की व्यवस्था और भोलेनाथ की पूजा करके भक्ति अभिभूत हुए।


## रेलइंजन कारखानाः आठ कर्मचारियों को मैन ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के आठ कर्मचारियों को दिसंबर माह 2024 के लिए मैन ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके असाधारण कार्य प्रदर्शन और समर्पित योगदान के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कारों का वितरण महाप्रबंधक विजय कुमार के द्वारा 14 जनवरी 2025 को किया गया, जिन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। पुरस्कार प्राप्त कर्मचारियों में संतोष कुमार साह, सौरव मंडल, बिष्णु दुबे, सुब्रत हालदार, सतीश सिंह, मगाराम भंडारी, अविक कुंडू, कुन्दन हाजरा शामिल है। इन कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक निभाया, जिनमें प्रमुख कार्य जैसे असफल रोटर की डी-शाफ्टिंग, आईएसओ ऑडिट की सफलता, डिजिटल परिवर्तन, और तकनीकी सुधार शामिल हैं। विशेष रूप से, श्री साह ने रेलवे की लागत में बचत करने हेतु असफल रोटर को ठीक किया, जबकि श्री मंडल ने कागजी काम में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा दिया। चिरेका में कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और समर्पण को पहचानते हुए इस पुरस्कार का वितरण किया गया, जो संगठन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह अवार्ड कर्मचारियों की उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है।



# सज धज कर तैयार हुआ है ऐतिहासिक करमदाहा मेला, स्वास्थ्य मंत्री कल करेंगे मेले का उद्घाटन





**जामताड़ा ।** जिले के नारायणपुर प्रखंड स्थित जामताड़ा धनबाद जिला के सीमा पर बराकर नदी के किनारे करमदाहा का प्रसिद्ध दुखिया महादेव मंदिर परिसर सजकर तैयार है। हर साल मकर संक्रांति के अवसर पर 15 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। इस ऐतिहासिक मेले का उद्घाटन 15 जनवरी, बुधवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी करेंगे। उद्घाटन के साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का जुटान शुरू हो जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। करमदाहा मेला एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में जाना जाता है, जहां न केवल धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, बल्कि मनोरंजन और खरीदारी के ढेर सारे विकल्प भी होते हैं। यह मेला बराकर नदी के तट पर स्थित दुखिया बाबा मंदिर के आसपास आयोजित होता है, जो हर साल हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। मेले में बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष मनोरंजन के साधन उपलब्ध होते हैं, जिससे यह मेला हर आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षक बन जाता है। धार्मिक अनुष्ठान, पारंपरिक गीत-संगीत, और विविध प्रकार की दुकानों के साथ मेले में उत्सव का माहौल बना रहता है। करमदाहा मेला सदियों पुरानी परंपरा का हिस्सा है और यह मेला कई नामों से जाना जाता है, जिनमें %खिचड़ी मेला% और %करमदाहा मेला% प्रमुख हैं। यह मेला प्राचीन काल से चलता आ रहा है और इसे लेकर कई ऐतिहासिक किस्से भी प्रचलित हैं। एक समय था जब यह इलाका मानभोम जिले का हिस्सा हुआ करता था, जो आज धनबाद के नाम से जाना जाता है। मेला के बारे में कहा जाता है कि यहां के लोग बराकर नदी में स्नान करने के बाद अपने बुरे कर्मों से मुक्ति पाते थे, और इसीलिए इसे करमदाहा नाम दिया गया।

यह मेला राजा-महाराजाओं के पिकनिक स्थल के रूप में भी प्रसिद्ध था, जहां वे आकर मनोरंजन करते थे। करमदाहा मेला अब पहले की तुलना में छोटा जरूर हो गया है, लेकिन इसका आकर्षण आज भी बरकरार है। पहले यह मेला एक महीने तक चलता था, लेकिन अब यह केवल 15 दिन का आयोजन है। इस दौरान यहां पर न केवल मनोरंजन के साधन होते हैं, बल्कि घर गृहस्थी से लेकर कृषि संबंधित सामग्री भी बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। मेला अब केवल झारखंड से ही नहीं, बल्कि बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से भी लोग आने लगे हैं। इस मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों के अलावा खेल तमाशे, झूलों, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है।

## मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मकर संक्रान्ति पर खिचड़ी का वितरण



**गोड्डा ।** नगर क्षेत्र अंतर्गत बड़ी काली मंदिर के प्रांगण में मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मंगलवार को मकर संक्रान्ति के अवसर पर खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष प्रितम गाडिया ने बताया की यहां पिछले 16 वर्षो से इस दिन लगातार खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से संध्या 07 बजे तक किया जाता है। इस कार्यक्रम में लगभग 5000 से भी अधिक लोगों की भागीदारी रहती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि अग्रवाल, सोनु बजाज, विनीत टेकरीवाल, रितेश टेकरीवाल, ऋषी साह, पियूष खेमानी, शिवम गाडिया, महेश बजाज, देवाशीष बजाज, गणेश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल आदी सदस्यों का सहयोग रहा है।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**महागामा ।** थाना क्षेत्र के दियाजोरी स्थित एनटीपीसी एमजीआर रोड स्थित सीलन खिजुरिया के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को महागामा रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर एकता कुमारी के द्वारा घायल का जांच पड़ताल कर मृत घोषित कर दिया गया। मृत व्यक्ति को पहचाना रवि कुमार, उम्र तकरीबन 22 वर्ष, पिता क्रांति मंडल बिहार राज्य के सनोखर थाना क्षेत्र के तिलकपुर निवासी के रूप में की गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रवि कुमार अपनी मोटरसाइकिल से गांव के पास में ही चौक पर जा रहा था। उसी क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गया। वही परिजनों को घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे एवं रवि के शव को देखकर फूट फूट कर रोने लगे। परिजनों ने बताया कि रवि काफी शांत स्वभाव का व्यक्ति था। इस व्यक्ति के चले जाने से परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वही पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर परिजनों से वार्ता की जा रही थी।

## अवैध देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**गोड्डा ।** पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निदेशानुसार लगातार एन्टी क्राईम चेकिंग चलायी जा रही थी। उसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि मनीष कुमार दास, पिता रंजीत रविदास, सा0 बढ़ौना, थाना गोड्डा नगर, जिला गोड्डा एक अवैध देशी कट्टा छुपाकर रखा है तथा कोई बड़ा घटना का अंजाम दे सकता है। इस सूचना पर पुलिस बल ग्राम बढौना स्थित मनीष कुमार दास के घर पर छापामारी कर मनीष कुमार दास को पकड़ा गया तथा अवैध हथियार के संबंध में कड़ाई से पुछताछ करने पर पकड़ाये मनीष कुमार दास के द्वारा अपने घर के छज्जा से अवैध अग्नेयास्त्र को निकाल कर दिया जिसे विधिवत जप्त किया गया तथा इस संबंध में गोड्डा नगर थाना मे मामला दर्ज किया गया है। वहीं छापेमारी में एक अवैध देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतुस बरामद कर जब्त किया गया। वहीं मंगलवार को गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मनीष कुमार का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध गोड्डा नगर थाना में मामला दर्ज है। वहीं छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक भोलानाथ दास, नगर थाना गोड्डा, पुलिस अवर निरीक्षक अनुप कुमार साहू, सहायक अवर निरीक्षक गौरव कुमार, नगर थाना गोड्डा, चालक आरक्षी चंदन कुमार सिंह, नगर थाना गोड्डा, थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## सीपीआई नेता सिंचन बनर्जी का निधन, शरीर दान से किया समाज को प्रेरित

चितरंजन~ पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के कूल्टी क्षेत्र में रहने वाले सीपीआई के जिला सचिव सिंचन बनर्जी का 12 जनवरी की रात 11~20 बजे हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वे 69 वर्ष के थे। उनका निधन पार्टी और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। सिंचन बनर्जी ने 2022 में गणदर्पण और रेड वॉलंटियर सलानपुर के सहयोग से अपने शरीर को चिकित्सा विज्ञान के शोध के लिए दान करने का संकल्प लिया था। उनका मानना था कि उनका शरीर मेडिकल अनुसंधान में काम आकर समाज की भलाई करेगा। उनकी बेटी श्वेता बनर्जी, जो चित्तरंजन बीआरएस स्कूल में शिक्षिका हैं, ने इस कठिन समय में भी दृढ़ता से उनके दान का संकल्प पूरा किया। 12 जनवरी की रात ही उन्होंने रेड वॉलंटियर से संपर्क कर शरीर दान की प्रक्रिया शुरू की। 13 जनवरी को पार्टी ने सिंचन बनर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनका शव दुर्गापुर आईक्यू सिटी मेडिकल कॉलेज के एनाटमी विभाग में भेजा। इस प्रेरणादायक कदम से श्वेता और उनके परिवार ने समाज में मानवता और समाजसेवा की भावना को और मजबूत किया।

## युवा महोत्सव में तीसरे स्थान पर रहने वाले कला दल पुरस्कृत



**गोड्डा ।** पिछले दिनों रांची में आयोजित राज्य युवा महोत्सव के समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में दुमका प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए तीसरा पुरस्कार हासिल कर दुमका प्रमंडल सहित गोड्डा जिला को गौरवान्वित करने वाले कला - दल पी एंड डी डांस एकेडमी को जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं जिला कला संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने फूल माला, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। मंगलवार शाम एकेडमी के शांति नगर अवस्थित प्रशिक्षण शाला में आयोजित सम्मान - समारोह को संबोधित करते हुए डीएसओ डॉ. महतो ने सभी प्रतिभागियों सहित एकेडमी के निदेशक प्रेमचंद महतो एवं दीपक महतो के मेहनत एवं समर्पण की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकर्ट नहीं होता। मेहनत और लगन से ही कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

# मयूराक्षी नदी के विभिन्न घाटों व तालाबों में पवित्र स्नान कर मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

## मलूटी के मां मौलिक्षा मंदिर में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने टेका मत्था



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका)** । रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न नदी घाट एवं तालाब में मंगलवार के अहले सुबह बांग्ला 29 पोष में हर हर महादेव व बोल बोम के उद्घोष के साथ यहां मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। लोग इसे तिल सकरात एवं पोष पारन भी कहते हैं। मयूराक्षी नदी के सादीपुर स्थित त्रिवेणी संगम, सिद्धेश्वरी नदी के तांतलोई स्थित गरम जल कुंड में श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। मकर संक्रांति के अवसर पर सदर प्रखंड के पारसिमला गांव के श्रद्धालुओं ने मसानजोड़ डैम के जलाशय में पवित्र स्नान किया। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के पश्चात नदी तट पर बैठ कर खेजुर गुड़ के साथ तिल पेठा खाने का आनंद लिया। तांतलोई के मकर संक्रांति मेला में लोगो का अपार भीड़ उमड़ी। उधर मंदिरों के गांव देवभूमि मलूटी के मां मौलिक्षा के मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालुओं ने आकर पोष पर्व में माथा टेक कर पूजा-अर्चना की।

## सफा होड आदिवासी ने बाँसलोई नदी पर लगाई आस्था की डुबकी



**गोपीकांदर।** मकर संक्रांति के अवसर पर गोपीकांदर प्रखंड के बाँसलोई नदी पर विदिन समुदाय के लोगों ने स्नान कर पूजा-पाठ किया। पुरखो दिलीप सोरेन ओर उनकी पत्नी राधा मुनी ने दर्जनों लोगों को विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कराया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष गंगा या फिर बाँसलोई नदी पर स्नान कर पूजा करते है। इस दौरान अमड़ापाड़ा प्रखंड के तालडीह, आमाडीहा, जडाकि सहित दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। मौके पर निकोलस सोरेन, साइमन मरांडी, बाबुलाल मरांडी सहित अन्य मौजूद थे।

## नूनबिल नदी गर्म जल कुंड में लोगो ने लगाई आस्था के साथ डुबकी



**मसलिया ।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर मसलिया प्रखंड क्षेत्र में अहले सुबह से मंगलवार को काफी धूम देखी गई। लोग अहले सुबह दलाही नूनबिल माता मंदिर प्रांगण नदी में स्थित गर्म जलकुंड में अपनी आस्था के साथ डुबकी लगाई। इसके पश्चात लोगो ने नमक बतासा लेकर नूनबिल माता की पूजा अर्चना की। जानकारी के अनुसार इसी उपलक्ष्य में नूनबिल माता मंदिर के बगल में 8 दिवसीय मेला का आयोजन होता है। जंहा अन्य राज्यो सहित दूरदराज से लोग मेला पहुच कर नूनबिल माता पूजा अर्चना कर मेला का लुफ्त उठाते है। वही प्रखंड क्षेत्र के मसलिय ,रांगा, तिलाबाद, सपचाला, मकरमपुर, गोलबंधा, तसरिया सहित दर्जनों गांवो में मकर संक्रांति पर्व को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर लोगो ने सुबह ही नहाधोकर मंदिरों में पूजा अर्चना की। साथ लोगो लोगो ने दही चूड़ा तिल से बने बिभिन्न प्रकार के मिठाई खाने के साथ लेकर पर्व का लुफ्त उठाया। वही छोटे छोटे बच्चों ने पतंग उड़ाकर आनंद उठाया।

## मकर संक्रांति पर झामुमों जिला इकाई ने लोगों को कराया दही-चुड़ा का भोजन



**दुमका ।** मकर संक्रांति पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई ने शहर के वीर कुवंर सिंह चौक पर लोगों को दही-चुड़ा का भोजन का स्टॉल लगाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी उपस्थित रही। इस अवसर पर जरूरतमंदों एवं आम लोगों को दही-चुड़ा और तिलकुट का भोजन कराया। इस अवसर पर विधायक डॉ लुईस मरांडी ने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशभर में बड़े उत्साह के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया जा रहा है। लोग अपने अपने तरीके से इस दिन को मनाते है। नए साल में प्रवेश करने कर अच्छे तरीके के बीते इसका संकल्प लेते है। जिला इकाई की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को दही-चुड़ा का भोजन कराया जा रहा है। इसमें जरूरमंद हो या आम लोग हो जिनके घरों में किसी प्रकार से मकर संक्रांति नहीं हो सका है। वह यहां आकर दही-चुड़ा का भोजन करेंगे। कार्यकर्त्ता दिनभर लोगों को दही-चुड़ा का भोजन करायेंगे। यहां बता दें कि झामुमों की ओर से माह में चार दिन गरीबों और जरूरतमंदों को खिचड़ी खिलाया जाता रहा है। आज मकर संक्रांति के अवसर पर दही-चुड़ा का भोजन कराया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवा बास्की, प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, नगर अध्यक्ष रवि यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के कुचलने से युवक की मौत



**मसलिया ।** मसलिया थाना क्षेत्र के रानीघाघर पंचायत के केशोरायडीह गांव के 35 वर्षीय अर्जुन किस्कु का विगत सोमवार रात्रि को अज्ञात वाहन के कुचलने से मौत के बाद स्वजनों व ग्रामीणों ने रानीघाघर पंचायत सचिवालय भवन के सामने करीबन एक घण्टे जाम रखा। इसकी सूचना अंचल प्रशासन को लगने के बाद सीओ मौके पर पहुंचे और तत्काल दस हजार राशि देकर जाम हटवाया। स्वजनों को सीओ ने आस्वासन दिया कि इसके अलावा और दो लाख राशि दिया जाएगा लेकिन इसके लिए प्रक्रिया से गुजरना होगा। इस आस्वासन के बाद लोगों ने साहिबगंज गोविंदपुर हाईवे में लगी जाम को हटा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन किस्कु स्व0 ओकील किस्कु का एक मात्र पुत्र था। उनका पांच साल पूर्व मेरी हेम्ब्रम के साथ विवाह होने के बाद एक भी संतान प्राप्ति भी नहीं हुई थी। वह अपनी मां पकु मुर्मू व पत्नी मेरी को छोड़ कर गया है। मंगलवार को उनका शव को पोस्टमार्टम कराकर घरवालों को सौंपने के बाद आदिवासी हिंदू रीति रिवाज के तहत उनका अंत्येष्टि संस्कार कर दिया गया।

## अनियंत्रित बोलेरो ने युवक को कुचला , घायल



**शिकारीपाड़ा ।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चीरापाथर गांव में एक अनियंत्रित बोलेरो ने एक युवक को बुरी तरह कुचल दिया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट ले गया है। घायल का नाम साहेब हेम्ब्रम है और वह चितरागड़िया का रहनेवाला है। जानकारी के मुताबिक उसके दोनों पैर टूट गए हैं और स्थिति गम्भीर है । इधर खास बात यह है कि ग्रामीणों ने उस बोलेरो के चालक पंकज कुमार दास नामक एक युवक के साथ पकड़ लिया पर पंकज किसी तरह भागने में सफल हुआ। जिस बोलेरो को लोगों ने पकड़ा है उस पर मीडिया हाउस का स्टीकर चिपका हुआ है।इधर घटना की जानकारी पाकर शिकारीपाड़ा के सीओ कपिल देव ठाकुर और शिकारीपाड़ा पूलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पंकज कुमार दास बगल के बेनागड़िया गांव का रहनेवाला है और ग्रामीण सड़क के बावजूद हमेशा 80 - 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और चारों इंडिकेटर जलाकर गाड़ी चलाता है। जब हम लोग इसका विरोध करते हैं तो पत्रकार होने का धौंस जताता है।

# इनोवा कार से 20 लाख की नकली अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार, तीन फरार

## झारखंड नंबर की दो इनोवो कार से शराब को बिहार पहुंचाने की थी तैयारी





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**हंसडीहा ( दुमका ) ।** झारखंड के दुमका जिले के हंसडीहा थाना की पुलिस ने मंगलवार की सुबह झारखंड नम्बर की दो इनोवा कार में छिपाकर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि तीन तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। लेकिन पुलिस ने एक तस्कर को धर दबोचा। पुलिस ने उक्त इनोवा कार में छिपाकर रखी गई 1128 बॉटल में करीब 462.6 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामलें की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अमित कुमार कश्यप ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की तस्कर देवघर से हंसडीहा की तरफ दो अलग-अलग इनोवा कार में शराब की खेप लेकर बिहार की तरफ जाने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच 133 पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। इस दौरान सरैयाहाट की ओर से आ रही दो इनोवा कार कुछ दूर पहले ही सड़क किनारे रुक। फिर जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी तो एक इनोवा वापस देवघर की तरफ भागने लगा। और कुछ दूरी पर जाकर जब सरैयाहाट की तरफ से पुलिस ने घेराबंदी की तो तस्कर वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक मंडल देवघर का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों वाहनो में अलग-अलग ब्रांड्स के शराब की पेटी रखे मिले। तस्करों ने एक इनोवो कार को जीपीएस तकनीक के सहारे लॉक कर दिया। लेकिन पुलिस ने उक्त गाड़ी को क्रेन के सहारे उठाकर थाना ले आई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह, सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद, हंसडीहा थाना के एएसआई बिनोद सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संताल आदिवासियों का सकरात पर्व

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** दिसोम मारंग बुरु युग जाहेर अखड़ा और सरी धर्म अखड़ा की ओर से सदर प्रखंड दुमका के दुंदिया और धतिकबोना गांव में बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ संताल आदिवासियों का पर्व सकरात मनाया गया। जिसमे गुड़,चुड़ा,सुनुम पीठ्ह आदि भोग में चढ़ाते है। इस दिन नए बर्तन एवं नए चूल्हे पर खाना बनाने की भी प्रथा है। उसके बाद लोग शिकार की खोज में पहाड़, जंगल,खेत-खलिहान जाते है, जिसे सिंदरा कहते है। सिंदरा से वापस आने के बाद लोग बेझातुंज करते है। बेझातुंज में केला या अंडी के पेड़ के टुकड़े को पूरब दिशा में जमीन में गाड़ा जाता है और पश्चिम से लोग इसपर तीर से निशाना लगाते है। जो इसपर निशाना लगाने में सफल होते है उसे सम्मानित किया जाता है। बेझातुंज के बाद तीर-धनुष को लेकर ग्रामीण कई अन्य प्रतियोगिता भी करते है। उसके बाद केला या अंडी के पेड़ के टुकड़े को पांच बराबर हिस्सों में काटा जाता है,उसके बाद उस सभी टुकड़े को हल्का बीच में काटा जाता है और एल नुमा बनाया जाता है। फिर इन टुकड़ो को लोग नाचते-गाते हुए गांव के ÷लेखा होड़÷(गांव का व्यवस्था चलाने वाले लोग) के घर ले जाते है। एक टुकड़ा मंझी थान में, दूसरा टुकड़ा गुडित के घर के छप्पर में, तीसरा टुकड़ा जोग मंझी के घर के छप्पर में, चौथा टुकड़ा प्राणिक के घर के छप्पर में और पांचवा



टुकड़ा नायकी के घर के छप्पर में रखा जाता है। ये सभी गांव के ÷लेखा होड़÷(गांव को चलाने वाले लोग होते है। उसके बाद सभी ग्रामीण नाचते-गाते है और भोजन का आनन्द लेते है। इस पावन अवसर में प्रदीप मुर्मू,कारण हंसदा,नंदलाल सोरेन,सुनील मरांडी,सोरेंदार मरांडी, सुरेश टुडू ,सुनातन किस्कू,धुरणा राय,रमेश हांसदा,बबलू मुर्मू ,साइमन टुडू,सोम हांसदा,माने टुडू,सुलेमान मुर्मू ,सुनील टुडू,सुजीत मुर्मू ,सुमित हांसदा,पलटन किस्कू,रंजीत टुडू, राजीव मरांडी,बालेश्वर हासंदा आदि उपस्थित थे।

## एक कूप से 35 वर्षीय युवक का शव बरामद

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भतुडिया बी गांव के बाहर स्थित एक कूप से रामगढ़ पुलिस ने 35 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान जोगिया गांव के गणेश राय के रूप में हुई है। मृतक के बारे में बताया जा रहा है कि वह अक्सर दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने जाया करता था। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व ही वह बाहर से वापस अपने गांव आया था। बाहर से आने के बाद वह विक्षिप्त की तरह हरकत कर रहा था। दो तीन दिन से उसे देखा भी नहीं गया था। आज सुबह जब ग्रामीणों को दुर्गंध महसूस हुई तो लोगों ने कुएं के अंदर झांक कर देखा तो युवक का शव ओंधे मुंह तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों के द्वारा मामले की जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कुएं से बाहर निकालने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। युवक का एक भाई है जो अपने ससुराल में रहता है।

## नाली निर्माण कार्य में 1 लाख 50 हजार रुपये की अवैध निकासी की पुष्टि

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका) ।** प्रखण्ड के गोविन्दपुर पंचायत में 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत जयकृष्ण पाल के घर से जोरिया तक नाली निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितता बरतने का मामला सामने आया था । जिसके उपरांत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा पंचायत के कनीय अभियंता और वर्तमान पंचायत सचिव से मामले की भौतिक जाँच करायी गयी । जाँच मे यह पता चला कि उक्त योजना में अभी तक कोई भी कार्य नही किया गया है। योजना के अभिलेख और पोर्टल के अवलोकन से यह पता चला कि तत्कालीन पंचायत सचिव जॉय अर्नेस्ट मराण्डी और पंचायत के मुखिया के द्वारा विभागीय निदेशों का उल्लंघन कर प्रथम अग्रिम के रूप में एक लाख पचास हज़ार रुपया का भुगतान दिनांक 7 नवंबर 2022 को लाभुक समिति के खाते में किया गया था । जबकि प्रथम अग्रिम के रूप में पंद्रह हजार रुपया ही देने का प्रावधान है। दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उक्त योजना में न तो कार्य प्रारम्भ किया गया और न ही राशि को वापस किया गया। इस संबंध में लाभुक समिति के अध्यक्ष गौरचन्द्र पाल को कार्यालय ज्ञापंक 1600 दिनांक 27 दिसंबर 2024 के माध्यम से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रानीश्वर द्वारा नोटिस जारी करते हुए राशि वापस करने का निदेश देने के साथ साथ करवाई हेतु स्पष्टीकरण भी किया गया था। उक्त नोटिस और स्पष्टीकरण किए जाने के बाद लाभुक समिति के अध्यक्ष गौरचन्द्र पाल द्वारा दिनांक 13-01-2025 को एक लाख पचास हज़ार रुपया ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के बैंक खाते में वापस जमा करा दिया गया है।

## मंईयां सम्मान योजना से जुड़ा पोस्ट कर साइबर अपराधियों ने किया मोबाइल हैक

**रानीश्वर(दुमका) ।** साइबर अपराधियों ने अपराध का नया तरीका ईजाद किया है। अब वे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को चूना लगाने के फिराक में है। रानीश्वर प्रखंड के अनिमेष मंडल नामक युवक के वाट्र्स एप नम्बर 7992338833 में साइबर अपराधी ने मंईयां सम्मान योजना से जुड़ा एक पोस्ट किया है।उस पोस्ट को टच करते ही अनिमेष का मोबाईल सिस्टम हैक हो गया।अनिमेष ने बताया कि उसके ग्रुप से जुड़े कई लोगो का भी मोबाईल हैक हो गया हैं। समाचार लिखे जाने तक उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी है।

## चुराई हुई ई-रिक्शा लावारिस हालत में बरामद

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना अंतर्गत नगर पंचायत बासुकीनाथ के हथनंगा गांव से अज्ञात चोरों ने घर के बाहर चार्ज में लगी एक टोटो ई रिक्शा की चोरी कर ली। ई रिक्शा के मालिक सुरेंद्र मंडल ने कहा कि घर के आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन टोटो ई-रिक्शा का कहीं पता नहीं चला। सुरेंद्र ने बताया कि वह प्रवासी मजदूर के रूप में अन्य प्रदेशों में बाहर जकर मेहनत मजदूरी करके कुछ रुपया लाया और परिवार के भरण पोषण के लिए ई रिक्शा खरीदा था, लेकिन चोरी हो जाने के बाद जैसे उसके पैरों के नीचे से जमीन ही खिसक गई। किन्तु जरमुंडी थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए लावारिस हालत में पड़ा टोटो को बरामद कर लिया और सही सलामत उसे सौंप दिया है। चोरी हुई टोटो के पुनः मिल जाने से पीड़ित परिवार में खुशी लौट आई है। इस बाबत सुरेन्द्र मंडल के पूरे परिवार ने इस कार्य के लिए जरमुंडी थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**दुमका ।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीपाथर गांव के समीप एक तेज रफ्तार मारुति कार ने विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार को टक्कर मार दिया, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल रामपुरहाट भेजा गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। वह पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुरहाट थाना क्षेत्र के पाकपाड़ा गांव का रहने वाला था और मसाला की फेरी करता था। इधर, टक्कर मारने के बाद स्विफ्ट डिजायर कार में सवार चार लोग वाहन छोड़ भाग खड़े हुए। फिलहाल, मौके पर पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**काठीकुंड ।** प्रखंड के डोमनपुर गांव में जाहेर ऐरा युवा क्लब डोमनपुर द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ काठीकुंड उप प्रमुख अल्बिनुस किस्कू और झिकरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दुलाल बेसरा ने सयुंक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर किया।खेल आरंभ होने के पूर्व क्षणो मे अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाते उनका परिचय जाना और हार -जीत से ऊपर उठकर खेल के प्रति अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने की बात कही।प्रतियोगिता का पहला मुकाबला एफ सी डांगवा टाईगर और दिलजाले स्पोटिंग क्लब जामचुआ के बीच खेला गया, जिसमें एक गोल दागते हुए डांगवा टाईगर ने बाजी मार ली।बता दें,प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेंगे।विजेता टीम को 50,000 हज़ार,उपविजेता को 35,000 हज़ार और अन्य दो टीमों को 12-12 हजार रूपए की पारितोषित राशि से सम्मानित किया जाएगा।वहीं खेल के अंतिम दिन 16 जनवरी को लड़कों और लड़कियों की तीरंदाजी प्रतियोगिता भी आयोजित होंगी, जिसमें प्रथम पुरस्कार एक हजार रूपए,द्वितीय पुरस्कार के रूप मे सात सौ रूपये की सम्मानित राशि दी जायेगी।इसके साथ ही महिलाओं व पुरुषों के लिए भी विभिन्न खेल प्रतियोगिता रखे गए है।खेल आयोजन समिति द्वारा खेल के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे दुमका लोकसभा सांसद नलिन सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा जोएस बेसरा, शिकारीपाड़ा विधानसभा विधायक आलोक कुमार सोरेन के उपस्थिति होने की बात कहीं गयी है।खेल शुभारंभ अवसर पर अयाज अहमद, सोरेश मुर्मू क्लब के अध्यक्ष दुलाल बेसरा सचिव आशिष टुडू, कोषाध्यक्ष बिमल पावरिया,पौलूस पावरिया उपाध्यक्ष अल्बिनुस मरांडी उपसचिव फिरोज हांसदा, अल्बिनुस मुर्मू,बिनय सोरेन, आदि काफी संख्या क्लब के सदस्य मौजूद थे।